शनिवार, 17 मई 2025

**मौसम**

तापमान 37 – 27
आर्द्रता 68%
सूर्योदय: 4:56 सूर्यास्त: 18:10

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा




स्वदेशी जागरण मंच का तुर्किये के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, बहिष्कार का आह्वान किया –पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष चतुर्थी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : पुराने दरवाजे कभी बंद नहीं होते, बस लोग खटखटाना छोड़ कर देते हैं।


RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555


# बंगाल: सरकारी कर्मचारियों को मिलेगा 25% महंगाई भत्ता

## सुप्रीम कोर्ट ने ममता सरकार को दिया आदेश

- ममता सरकार को 3 महीने के भीतर 25% का महंगाई भत्ता देना होगा
- सुप्रीम कोर्ट अगली सुनवाई अगस्त में करेगा



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल सरकार से कहा कि वह अपने कर्मचारियों को अगले तीन महीने में बकाया महंगाई भत्ते (डीए) के 25 प्रतिशत का भुगतान करे। इस मुद्दे पर कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर सुनवाई कर रही न्यायमूर्ति संजय करोल और संदीप मेहता की पीठ ने राज्य सरकार से कहा कि वह तीन महीने के भीतर 2009 से 2019 तक के डीए बकाया का भुगतान करे। शीर्ष अदालत के अंतरिम आदेश से राज्य के करीब छह लाख कर्मचारियों को लाभ होगा। राज्य सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने पीठ को बताया कि राजकोष पर 10,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। वकीलों के अनुसार, डीए का कुल बकाया करीब 41,000 करोड़ रुपये है। पीठ अब संबंधित याचिका पर अगस्त में सुनवाई करेगी। यह विवाद तब शुरू हुआ जब पश्चिम बंगाल सरकार के कर्मचारियों के एक वर्ग ने कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और लंबित बकाया के साथ केंद्र सरकार के समकक्षों के समान दर पर डीए की मांग की। उच्च न्यायालय ने मई 2022 में कर्मचारियों के पक्ष में फैसला सुनाया और राज्य को अपने डीए को केंद्रीय दरों के साथ संरेखित करने का निर्देश दिया। हालांकि, पश्चिम बंगाल सरकार ने नवंबर 2022 में शीर्ष अदालत में अपील दायर करके उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी। तब से, राज्य सरकार ने डीए में केवल मामूली वृद्धि लागू की है, जो केंद्र सरकार की दरों के साथ तालमेल नहीं रखती है। अप्रैल 2025 के वेतनमान के अनुसार, केंद्र सरकार के कर्मचारियों को 55 प्रतिशत डीए मिलता है, जबकि पश्चिम बंगाल के उनके समकक्षों को केवल 18 प्रतिशत मिलता है। इसमें हाल ही में की गयी चार प्रतिशत की बढ़ोतरी शामिल है।

# हमारी कार्रवाई तो बस एक 'ट्रेलर' थी, जरूरत पड़ने पर पूरी 'पिक्चर' दिखाएंगे

### राजनाथ ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर कहा



गुजरात के भुज वायुसेना स्टेशन पर वायु योद्धाओं को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में 'ब्रह्मोस' सुपरसोनिक मिसाइल के इस्तेमाल की पुष्टि की और कहा कि इस हथियार ने पाकिस्तान को "रात के अंधेरे में दिन का उजाला" दिखा दिया है। पाकिस्तान को स्पष्ट और कड़ा संदेश देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन अभी समाप्त नहीं हुआ है, क्योंकि मौजूदा 'संघर्षविराम' का मतलब है कि भारत ने पाकिस्तान को उसके बर्ताव के आधार पर "परिवीक्षा" पर रखा है। उन्होंने कहा, "यदि उसका बर्ताव सुधरता है, तब तो ठीक और यदि कोई गड़बड़ी करता है, तो उसे कड़ा दंड दिया जाएगा।" सिंह ने कहा, "हमारी कार्रवाई तो बस एक ट्रेलर थी, अगर जरूरत पड़ी तो हम पूरी पिक्चर भी दिखाएंगे। आतंकवाद पर हमला करना और उसे खत्म करना नये भारत का 'न्यू नॉर्मल' है।" 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत ने सात मई की सुबह पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ढांचे नष्ट कर दिए थे।

- आईएमएफ को पाकिस्तान को सहायता देने पर पुनर्विचार करना चाहिए

**भुज (गुजरात) :** भारत ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से पाकिस्तान को दी जाने वाली एक अरब डॉलर की सहायता पर शुक्रवार को पुनर्विचार करने का आग्रह किया और कहा कि इस्लामाबाद इस सहायता का इस्तेमाल आतंकवाद के वित्तपोषण के लिए कर सकता है।

## रूस, यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडल तीन साल में पहली बार प्रत्यक्ष शांति वार्ता के लिए इस्तांबुल में मिले

**इस्तांबुल :** रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडलों ने तीन वर्षों में पहली बार प्रत्यक्ष शांति वार्ता के लिए शुक्रवार को इस्तांबुल में मुलाकात की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता हेओरही टाइखई के अनुसार रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव के नेतृत्व में यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडल ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सहयोगी व्लादिमीर मेडिंस्की के नेतृत्व में रूस का एक दल के साथ बैठक की। उन्होंने बैठक की एक तस्वीर भी जारी की। रूस और यूक्रेन के अधिकारी यू-आकार की एक मेज के चारों ओर आमने-सामने बैठे।

# पाक के साथ तनाव पर बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल को विदेश भेजेगी सरकार, कांग्रेस होगी हिस्सा

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस सांसद शशि थरूर बीते कुछ दिनों से भाजपा और पीएम मोदी के करीब नजर आए थे। अब मोदी सरकार ने शशि थरूर को एक अहम जिम्मेदारी सौंप दी है। हालांकि यह जिम्मेदारी राजनीतिक नहीं है, यह राष्ट्रहित का मामला है। दरअसल मोदी सरकार ने यह फैसला लिया है कि भारत के सांसदों का डेलिगेशन विदेशों का दौरा कर पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद की जानकारी देंगे। इस डेलिगेशन में शशि थरूर को भी शामिल किया गया है। शशि थरूर के साथ-साथ कांग्रेस के और भी कई सांसद विदेशों का दौरा करेंगे। साथ ही भाजपा, जदयू, टीएमसी सहित अन्य राजनीतिक दलों के सांसद भी जाएंगे।

दरअसल ऑपरेशन सिंदूर पर अपना पक्ष मजबूती से दुनिया के सामने रखने के लिए केंद्र सरकार सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को भेजने का फैसला किया है। इसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष के तेज तर्रार सांसदों को शामिल किया जाएगा। कांग्रेस ने इसमें शामिल होने की सहमति दे दी है।

विदेश मंत्रालय से मिली जानकारी के अनुसार बीजेपी, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी), जनता दल (यूनाइटेड), बीजू जनता दल, माकपा और कुछ अन्य दल के सांसदों को विदेश भेजा जाएगा।

### अमेरिका और ब्रिटेन जाएंगे शशि थरूर

मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस सांसद शशि थरूर ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देने अमेरिकी और यूके जाएंगे। उनके साथ 6 और सांसद होंगे। जेडीयू की ओर से संजय झा के शामिल होने की संभावना है। 22 मई को यह डेलिगेशन रवाना होगा। इसी तरह अलग अलग डेलिगेशन अलग-अलग देशों में जाएगा।

### शशि थरूर, मनीष तिवारी, अमर सिंह और सलमान खुर्शीद भी जाएंगे विदेश

कांग्रेस ने कहा है कि वो विदेश भेजे जाने वाले मल्टी पार्टी डेलिगेशन का हिस्सा होगी। डेलिगेशन विदेशों में जाकर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर भारत का पक्ष रखेगा। कांग्रेस की ओर से शशि थरूर, मनीष तिवारी, अमर सिंह और सलमान खुर्शीद को भेजे जाने की संभावना है।

### अन्य दलों से कौन-कौन सांसद जाएंगे विदेश

सूत्रों ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय, जद (यू) के संजय झा, बीजद के सस्मित पात्रा, राकांपा (एसपी) की सुप्रिया सुले, द्रमुक की के कनिमोझी, माकपा के जॉन ब्रिटास और एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी को भी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बनने के लिए कहा जा रहा है। इस मामले पर फिलहाल सरकार की तरफ से आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा गया है।

## नीरज चोपड़ा ने आखिरकार 90 मीटर की बाधा पार की, लेकिन दोहा डायमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहे



**दोहा :** भारत के स्टार भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने आखिरकार 90 मीटर की बाधा पार करके 90.23 मीटर का थ्रो फेंका लेकिन डायमंड लीग के दोहा चरण में शुक्रवार को जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे। वेबर ने अपने आखिरी प्रयास में 91.06 मीटर का थ्रो फेंका। इससे पहले तक चोपड़ा शीर्ष पर चल रहे थे। वेबर ने भी पहली बार 90 मीटर से अधिक का थ्रो फेंका है और ऐसा करने वाले वह दुनिया के 26वें खिलाड़ी बन गए। दो बार के विश्व चैम्पियन और पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स 84.65 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा ने बाद में कहा ," मैं 90 मीटर की बाधा पार करके बहुत खुश हूं लेकिन यह खट्टा मीठा अनुभव रहा।"

# पाकिस्तान के आतंकवाद को समर्थन बंद करने तक सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी: जल शक्ति मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने कैबिनेट सचिव को बताया है कि सिंधु जल संधि तब तक निलंबित रहेगी, "जब तक पाकिस्तान विश्वसनीय और स्थायी रूप से सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को त्याग नहीं देता।" कैबिनेट सचिव टी.वी. सोमनाथन को मंगलवार को सौंपी अपनी मासिक रिपोर्ट में जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय की सचिव देबाश्री मुखर्जी ने कहा कि सरकार ने घोषणा की है कि पहलगाम में नागरिकों पर "पाकिस्तान प्रायोजित" आतंकवादी हमले के बाद संधि को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है। मुखर्जी ने अपनी रिपोर्ट में कहा, "जब तक पाकिस्तान विश्वसनीय और स्थायी रूप से सीमा पार आतंकवाद को समर्थन करना नहीं छोड़ देता, तब तक प्रमुख जल-बंटवारा संधि निलंबित रहेगी।" वर्ष 1960 में विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुई सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के पानी के वितरण और उपयोग से संबंधित है। सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान के जल संसाधन सचिव सैयद अली मुर्तजा ने नयी दिल्ली द्वारा उठाई गई विशिष्ट आपत्तियों पर चर्चा करने के लिए अपनी सरकार की तत्परता व्यक्त की थी। हालांकि, भारत सरकार संधि को स्थगित रखने के अपने फैसले पर दृढ़ है।

# आकाशतीर ने पाकिस्तान के मिसाइल और ड्रोन हमलों को विफल किया



**नई दिल्ली :** भारत की स्वदेश निर्मित आकाशतीर वायु रक्षा नियंत्रण एवं रिपोर्टिंग प्रणाली ने पाकिस्तान के साथ चार दिन तक चले सैन्य टकराव के दौरान ड्रोन और मिसाइलों सहित पाकिस्तानी हवाई हमलों को बेअसर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि जहां पाकिस्तान आयातित एचक्यू-9 और एचक्यू-16 प्रणालियों पर निर्भर था, जो भारतीय हमलों को रोकने में विफल रहीं, वहीं आकाशतीर ने स्वचालित वायु रक्षा में भारत के दबदबे को प्रदर्शित किया। सरकारी कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) द्वारा निर्मित आकाशतीर को लगभग एक वर्ष पहले भारतीय सेना में शामिल किया गया था। रक्षा मंत्रालय ने कहा, 'अंधेरे आसमान में एक नए प्रकार का योद्धा जाग उठा। वह लड़ाकू विमान की तरह दहाड़ता नहीं था, न ही मिसाइल की तरह चमकता था। वह सुनता था। वह गणना करता था। वह हमला करता था।' इसने कहा,'यह अदृश्य कवच, आकाशतीर, अब रक्षा पत्रिकाओं तक सीमित अवधारणा नहीं है। यह भारत की वायु रक्षा की तेज धार है, वह अदृश्य दीवार है जिसने 9 और 10 मई की रात मिसाइलों और ड्रोन की बौछार को रोक दिया, जब पाकिस्तान ने भारतीय सैन्य और नागरिक क्षेत्रों पर अपना सबसे घातक हमला किया था।'

### अमेरिका में कर लगने से भारतीयों के लिए घर पैसा भेजना होगा महंगा

**नयी दिल्ली :** ट्रंप प्रशासन के विदेश में भेजे जाने वाले धन पर पांच प्रतिशत कर लगाने की योजना से अमेरिका में रहने वाले भारतीयों के लिए घर पैसा भेजने की लागत बढ़ सकती है। एक अनुमान के मुताबिक इस कर की वजह से अमेरिका में रहने वाले भारतीयों पर सालाना 1.6 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का बोझ पड़ सकता है। यह अनुमानित राशि हाल में आरबीआई के एक लेख से संकलित 2023-24 के आंकड़ों पर आधारित है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'वृहद प्राथमिकता विधेयक' में धन प्रेषण पर पांच प्रतिशत उत्पाद शुल्क लगाने का प्रस्ताव किया है। यह ग्रीन कार्ड और एच1बी वीजा रखने वालों सहित चार करोड़ से अधिक लोगों को प्रभावित करेगा। प्रस्तावित शुल्क अमेरिकी नागरिकों पर लागू नहीं होगा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मार्च बुलेटिन में प्रकाशित एक लेख के अनुसार भारत में आने वाला धन प्रेषण 2010-11 में 55.6 अरब डॉलर से दोगुना होकर 2023-24 में 118.7 अरब डॉलर हो गया है।







## मंत्री की अनर्गल बयानबाजी अक्षम्य

यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश की बहादुर सेना ने जब पाक को सबक सिखा, देश को गौरव का अहसास कराया तब नफरती ट्रोल सेना, नीचता की सीमा तक गिरती नजर आई। जिसके विरोध में देश में तीखे गुस्से की लहर देखी गयी। इस बिगड़ैल ट्रोल सेना ने ऑनलाइन गाली-गलौज करने में किसी को भी नहीं बख्शा। यहां तक कि सादगी के व्यक्तित्व व गरिमापूर्ण अभिव्यक्ति वाले विदेश सचिव विक्रम मिसरी तक को नहीं छोड़ा। ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा भी निशाने पर आए। यहां तक कि पहलगाम हमले में विधवा हुई हिमांशी नरवाल को भी नहीं बख्शा गया। इसकी वजह यह थी कि उन्होंने सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखने और पहलगाम की घटना के बाद कश्मीरियों को निशाने पर न लेने का आह्वान किया था। निश्चित रूप से यह देश में सामाजिक समरसता के लिये वक्त की आवाज भी थी। लेकिन सबसे परेशान करने वाली घटना वह थी, जिसमें भाजपा शासित राज्य मध्य प्रदेश के एक मंत्री विजय शाह ने बेसिर-पैर का सांप्रदायिक सोच वाला बयान दिया। दरअसल, इस सप्ताह की शुरुआत में मंत्री विजय शाह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रेस ब्रीफ देने वाली कर्नल सोफिया के बारे में चौंकाने वाली सांप्रदायिक टिप्पणी की थी। निश्चय ही देश के लिये महत्वपूर्ण योगदान देने वाली महिला सैन्य अधिकारी के बारे में ऐसी टिप्पणी करना दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा। मंत्री ने असंगत रूप से पहलगाम में आतंक फैलाने वाले आतंकवादियों से दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से साम्य दर्शाने का कुत्सित प्रयास किया। हालांकि यह टिप्पणी सोमवार को की गई थी, लेकिन मंत्री शाह के खिलाफ प्राथमिकी मुश्किल से बुधवार रात दर्ज की गई। वह भी शासन द्वारा स्वत: संज्ञान लेने के बजाय मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की सख्ती के बाद ही दर्ज की गई। हाईकोर्ट ने कर्नल कुरैशी के खिलाफ 'गटर की भाषा' इस्तेमाल करने के लिए मंत्री शाह को फटकार लगायी। सही मायनों में हाईकोर्ट ने न केवल मंत्री को आईना दिखाया बल्कि तमाम बेलगाम बयानबाजी करने वालों को भी सख्त संदेश दिया।

उल्लेखनीय है कि एफआईआर दर्ज होने के बाद जब आरोपी मंत्री ने सुप्रीम कोर्ट से राहत के लिये गुहार लगायी तो सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें आड़े हाथ लिया। सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी को चेतावनी दी कि एक मंत्री को ऐसे समय में जिम्मेदारी की भावना के साथ बोलना चाहिए, जब देश चुनौतिपूर्ण स्थिति से गुजर रहा हो। फिर कोर्ट की सख्ती के बाद शाह ने खेद व्यक्त किया। उन्होंने फिर सफाई दी कि वह कर्नल कुरैशी का अपनी बहन से ज्यादा सम्मान करते हैं। लेकिन जैसे कमान से निकला तीर वापस नहीं लौटता है, उसी तरह उनकी अनर्गल बयानबाजी से जो नुकसान हो चुका था, उसकी क्षतिपूर्ति संभव नहीं है। इससे बड़ी विसंगति यह भी कि भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें राज्य मंत्रिमंडल से हटाने की तात्कालिक गंभीर पहल नहीं की। यह विडंबना ही है कि पार्टी नेतृत्व इंतजार का खेल खेल रहा है। वहीं दूसरी ओर आरोपी मंत्री अपने बचाव के लिये कानूनी विकल्पों को आजमाने में व्यस्त रहा है। दरअसल, भाजपा की राजनीतिक मजबूरी यह है कि जातीय समीकरणों के हिसाब से वे पार्टी के लिये महत्वपूर्ण हैं। वे उस राज्य में आदिवासी कल्याण मंत्री हैं जहां अनुसूचित जनजातियों की आबादी का पांचवां हिस्सा मौजूद है। लेकिन इतना तो तय है कि चाहे उनका राजनीतिक प्रभाव कितना भी क्यों न हो, उन्हें सशस्त्र बलों के साथ-साथ ही महिलाओं का अपमान करने की छूट नहीं मिल जाती। पार्टी को राष्ट्र को आश्वस्त करने के लिये अनुकरणीय कार्रवाई करनी ही चाहिए। तभी समाज में यह साफ संदेश जाएगा कि हम आतंकवाद और सांप्रदायिक विभाजन के खिलाफ मजबूती से एकजुट हैं और नफरत फैलाने वालों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निश्चय ही इस मामले में अदालत की सख्त टिप्पणियां न केवल आरोपी मंत्री बल्कि उन सभी नेताओं के लिये सबक हैं जो लगातार अनर्गल प्रलाप करते रहते हैं। जो यह बताता है कि जनता की उदासीनता से हम कैसे-कैसे लोगों को अपना नेता चुनकर जनप्रतिनिधि संस्थाओं में भेज रहे हैं।

# राष्ट्रवाद के दौर में राहुल की जातिवादी राजनीति



अजय कुमार

बिहार की राजनीति एक नए दौर में प्रवेश कर रही है, और इस दौर के केंद्र में इस बार राहुल गांधी हैं। जब पूरा देश 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद राष्ट्रवाद की राजनीति की ओर फिर से झुक गया, राहुल गांधी ने इसके ठीक उलट जातीय जनगणना और सामाजिक न्याय को अपनी राजनीतिक प्राथमिकता बना लिया है। यह वही बिहार है, जिसने कभी मंडल राजनीति की नींव रखी थी और जहां जातीय समीकरण अब भी हर चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। ऐसे में राहुल गांधी का यह फोकस न केवल एक रणनीतिक चुनावी दांव है, बल्कि यह संकेत भी है कि कांग्रेस अब केवल राष्ट्रीय मुद्दों पर नहीं, बल्कि क्षेत्रीय राजनीति की नब्ज पर भी हाथ रखना चाहती है।

बीते पांच महीनों में राहुल गांधी बिहार के चार दौरे कर चुके हैं और हर बार उन्होंने अलग-अलग जिलों को चुना है। यह चयन यूं ही नहीं है, बल्कि हर दौरे के पीछे सामाजिक समूहों की स्पष्ट गणना है। दरभंगा में उन्होंने दलित छात्रों से मिलने की कोशिश की, लेकिन प्रशासन ने उन्हें अंबेडकर छात्रावास में जाने की अनुमति नहीं दी। इसके बावजूद राहुल गांधी ने हार नहीं मानी। उन्होंने पदयात्रा शुरू की, पुलिस और प्रशासनिक अफसरों से बहस की और आखिरकार टाउन हॉल में शिक्षा न्याय संवाद के जरिए अपनी बात रखी। यह कोई साधारण राजनीतिक दौरा नहीं था, बल्कि प्रतीकों से भरा हुआ एक बड़ा संदेश था।

राहुल गांधी ने दरभंगा में छात्रों से कहा कि देश की 90 फीसदी आबादी के पास कोई अवसर नहीं है। उन्होंने पूछा कि उच्च नौकरशाही में आपके कितने लोग हैं? डॉक्टरी पेशे में आपके कितने लोग हैं? शिक्षा व्यवस्था में आपके कितने लोग हैं? और फिर खुद ही जवाब दिया जीरो। उन्होंने आगे कहा कि मनरेगा की सूची में मजदूरों की संख्या देखिए, वह 90 प्रतिशत आबादी से ही भरी हुई है। लेकिन जब बात सत्ता, संपत्ति और ठेकेदारी की आती है, तो सारा पैसा केवल 8 से 10 प्रतिशत लोगों के पास पहुंच जाता है। राहुल गांधी ने इसे लोकतंत्र की सबसे बड़ी विफलता बताया और कहा कि जब तक सामाजिक रूप से वंचित वर्ग एकजुट नहीं होंगे, तब तक कोई बदलाव संभव नहीं है।

राहुल गांधी की यह बात बिहार जैसे राज्य में खास असर डाल सकती है, जहां जातीय आधार पर लोगों की पहचान और उनकी सामाजिक स्थिति गहराई से जुड़ी हुई है। खास बात यह भी है कि राहुल गांधी केवल भाषणों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उन्होंने दलित समाज के साथ वक्त बिताने और उनकी संस्कृति को समझने का प्रयास किया है। पटना के एक मॉल में उन्होंने दलित समाज के लोगों के साथ 'फुले' फिल्म देखी, जो सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा फुले के जीवन पर आधारित है। यह एक संदेश था कि कांग्रेस अब दलित राजनीति को केवल चुनावी गणित नहीं, बल्कि वैचारिक जिम्मेदारी मान रही है।

हालांकि, राहुल गांधी का यह अभियान राजनीतिक टकराव से अछूता नहीं रहा। दरभंगा दौरे के दौरान पुलिस प्रशासन ने उन्हें छात्रावास में प्रवेश से रोका, जिसे कांग्रेस ने दलितों से संवाद रोकने की साजिश करार दिया। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया पर इसे दलित विरोधी रवैया बताते हुए बिहार सरकार पर हमला किया और लिखा कि अगर एक नेता दलित छात्रों से मिलना चाहता है तो उसमें क्या गलत है? दूसरी ओर प्रशासन का कहना है कि भारत में कहीं भी छात्रावासों में राजनीतिक कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी जाती, इसलिए उन्हें टाउन हॉल में अनुमति दी गई थी।

बिहार में कांग्रेस की यह सक्रियता महज बीजेपी के खिलाफ नहीं है, बल्कि यह सहयोगी दल आरजेडी के लिए भी चुनौती बनती जा रही है। दरअसल, जिस प्रकार से राहुल गांधी सीधे तौर पर दलित-पिछड़े वर्ग को संबोधित कर रहे हैं, उससे आरजेडी का परंपरागत वोट बैंक खिसक सकता है। यही कारण है कि कुछ राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि बिहार में कांग्रेस अब आरजेडी को भी राजनीतिक रूप से प्रतिद्वंद्वी मानने लगी है। ठीक वैसे ही जैसे दिल्ली में कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोला, बिहार में आरजेडी पर कांग्रेस की निगाह टिकी है।

लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस और आरजेडी की स्थिति लगभग बराबर रही। लेकिन यह बराबरी कई समीकरणों पर आधारित थी जैसे पप्पू यादव का कांग्रेस के समर्थन में खड़ा होना। अब जब विधानसभा चुनाव नजदीक हैं, कांग्रेस शायद खुद को आरजेडी की छाया से निकालकर स्वतंत्र ताकत के रूप में स्थापित करना चाहती है। यही वजह है कि राहुल गांधी के कार्यक्रमों में जातिगत न्याय, सामाजिक प्रतिनिधित्व, शिक्षा और रोजगार जैसे मुद्दे बार-बार सामने आते हैं, जो कि आरजेडी की पारंपरिक राजनीति का मूल आधार रहे हैं।

राहुल गांधी लगातार यह भी कहते रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार जातिगत जनगणना को लेकर दबाव में आई और उन्हें अंततः इसे स्वीकार करना पड़ा। कांग्रेस इसे अपनी जीत के रूप में प्रचारित कर रही है और राहुल गांधी बार-बार दोहरा रहे हैं कि जब तक समाज की सही तस्वीर हमारे पास नहीं होगी, तब तक न्याय संभव नहीं है। यही नहीं, उन्होंने यह भी कहा कि निजी संस्थानों में आरक्षण लागू किया जाना चाहिए और एससी-एसटी सब-प्लान का बजट पारदर्शी ढंग से लागू हो।

बीजेपी की रणनीति इस पूरे परिदृश्य में अलग है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रवाद की भावना को फिर से जगाने की कोशिश की जा रही है। इसका असर भी दिखा है, लेकिन बिहार में राहुल गांधी की जातीय राजनीति के सामने बीजेपी को भी अब जवाब देना पड़ रहा है। बीजेपी नेता बार-बार यह कह रहे हैं कि जातीय जनगणना का क्रेडिट कांग्रेस नहीं ले सकती, क्योंकि इसे लागू करने का फैसला तो एनडीए सरकार ने किया है। फिर भी राहुल गांधी लगातार इसे अपनी उपलब्धि के रूप में जनता के सामने रख रहे हैं।

यह दिलचस्प है कि जब राहुल गांधी को दरभंगा में छात्रों से मिलने से रोका गया, उन्होंने इसे उसी तरह से प्रचारित किया जैसे उन्होंने लोकसभा में बोलने न दिए जाने की घटनाओं को किया था। उनका यह तरीका विपक्ष को एक पीड़ित की तरह पेश करने का है, जो कि सत्ताधारी दल के अहंकार और तानाशाही के खिलाफ लड़ रहा है। यह छवि जनता के बीच एक भावनात्मक जुड़ाव पैदा करती है, खासकर तब जब मुद्दा दलित या पिछड़े वर्ग से जुड़ा हो।

कुल मिलाकर, राहुल गांधी ने बिहार चुनावों के लिए एक ऐसी पिच तैयार की है, जो अब तक बीजेपी और आरजेडी दोनों से अलग है। वह खुद को सामाजिक न्याय के एक नए प्रतिनिधि के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं और इसमें उन्हें सीमित सफलता भी मिलती दिख रही है। अब यह देखना होगा कि बिहार की जनता इस नई कांग्रेस को कितनी गंभीरता से लेती है। क्या राहुल गांधी का जातीय न्याय का एजेंडा चुनाव में निर्णायक साबित होगा? क्या कांग्रेस आरजेडी को पछाड़कर प्रमुख विपक्ष बन पाएगी? और सबसे बड़ा सवाल, क्या राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस वह जनाधार फिर से हासिल कर पाएगी जो कभी उसका हुआ करता था?

बिहार की राजनीतिक बिसात पर बिछी यह चालें आने वाले दिनों में और रोचक मोड़ लेंगी, लेकिन इतना तय है कि राहुल गांधी ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि वह सिर्फ संसद तक सीमित नेता नहीं, बल्कि जमीनी संघर्ष करने वाले राजनीतिक खिलाड़ी भी हैं। उनकी यह कोशिश, चाहे सफल हो या असफल, भारतीय राजनीति में एक नई बहस को जन्म दे चुकी है एक ऐसी बहस जो सामाजिक न्याय को फिर से केंद्रीय मुद्दा बना रही है। -वरिष्ठ पत्रकार

# भारत की वॉटर स्ट्राइक से बिलबिलाने लगा पाकिस्तान



डॉ. आशीष वशिष्ठ

22 अप्रैल को जम्मू- कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा पोषित और प्रेषित आतंकियों ने निर्दोष नागरिकों का धर्म पूछकर नृशंस हत्या की। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने जहां पाकिस्तान को सैन्य मोर्चे पर तबाह कर दिया वहीं, उससे पहले सिंधु जल समझौते को स्थगित करने के फैसले से पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसा दिया है। भारत ने सिंधु जल संधि को ऐसे समय में निलंबित किया है जब पाकिस्तान पहले से ही जल संकट का सामना कर रहा है। पाकिस्तान के सिंध और पंजाब प्रांत में छह नई नहरें बनाने की योजना भी विवादों में फंसी है।

इतिहास के आलोक में अगर बात की जाए तो सिंधु जल समझौते के अंतर्गत भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु घाटी को 6 नदियों में विभाजित करने को लेकर नौ साल तक वार्ता चली और भारत के प्रथम प्रधानमंत्री रहे जवाहर लाल नेहरू और पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति अयूब खान के मध्य 19 सितंबर 1960 में सिंधु जल संधि विश्व बैंक की मध्यस्थता से कराची में समझौता हुआ।

इस संधि के तहत सिंधु बेसिन की तीन पूर्वी नदियों रावी, ब्यास और सतलुज का पानी भारत को आवंटित किया गया। वहीं तीन पश्चिमी नदियों सिंधु, झेलम और चिनाब के जल का 80 फीसदी हिस्सा पाकिस्तान को आवंटित किया गया। समझौते में जिस तरह से जल का बंटवारा किया गया उससे तत्कालीन भारत के प्रधानमंत्री और सरकार की रीति-नीति का समझा जा सकता है। पीएम नेहरू ने देशहित की बजाय पाकिस्तान के हितों का अधिक ध्यान रखा। यह संधि पाकिस्तान में कृषि और हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के लिए बहुत अहम है और पाकिस्तान में 80 प्रतिशत सिंचाई के पानी की आपूर्ति इन्हीं नदियों के पानी से होती है। कई शहरों के लिए पेयजल की आपूर्ति भी इस नदी से की जाती है।

भारत और पाकिस्तान के बीच 65 साल पहले हुई इस जल संधि के तहत दोनों देशों के बीच नदियों के जल प्रबंधन को लेकर समझौता हुआ था। नदियों को बांटने का ये समझौता कई युद्धों, मतभेदों और झगड़ों के बावजूद 65 वर्षों से अपने स्थान पर यथावत रहा। लेकिन जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले में 26 लोगों के मारे जाने के बाद भारत ने जिन कड़े कदमों की घोषणा की उनमें यह सबसे बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। भारत द्वारा संधि को निलंबित करना इसकी स्थापना के बाद से पहली बार है, जो सीमा पार आतंकवाद से जुड़ी जल कूटनीति में बदलाव का संकेत है। यह भारत के दृष्टिकोण में बदलाव को दर्शाता है।

2016 में उरी में भारतीय सेना के एक शिविर पर हमले के बाद डेढ़ सप्ताह बाद हुई एक समीक्षा बैठक में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था, ''खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते हैं।'' प्रधानमंत्री मोदी के इस बयान का इशारा सिंधु जल समझौते की ही ओर था। 2019 में पुलवामा में सुरक्षाबलों पर हमले के बाद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बयान देते हुए कहा था, सरकार ने पाकिस्तान को पानी के वितरण को रोकने का फैसला किया है। अगस्त 2019 में भारत के तत्कालीन जल संसाधन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा था, सिंधु जल संधि का उल्लंघन किए बिना पाकिस्तान को जाने वाले पानी को रोकने के लिए काम शुरू हो गया है।



भारतीय सेना से करारी शिकस्त के बाद पाकिस्तान अब पानी को लेकर भारत के सामने गिड़गिड़ाने लगा है। पाकिस्तान की सरकार ने 14 मई को भारत के जल शक्ति मंत्रालय को चिट्ठी लिखकर सिंधु जल समझौते को स्थगित करने को लेकर दोबारा विचार करने की अपील की है। वहीं, एक महत्वपूर्ण बात और भी है कि पाकिस्तान की ये अपील तब की गई जब भारत चिनाब नदी पर बगलिहार और सलाल जलविद्युत परियोजन-ाओं में फ्लशिंग और डिसिल्टिंग का काम शुरू कर दिया है।

पाकिस्तान के जल संसाधन सचिव सय्यद अली मुर्तज़ा ने भारत को लिखी चिट्ठी में कहा, सिंधु जल समझौता स्थगित होने की वजह से पाकिस्तान में खरीफ की फसल के लिए पानी का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने 13 मई को कहा कि अगर भारत सिंधु जल संधि को फिर से शुरू नहीं करता है और हमारी तरफ आने वाले पानी को मोड़ने की कोशिश करता है तो दोनों देशों के बीच लागू हुआ संघर्ष विराम खतरे में पड़ सकता है।

सिंधु जल संधि पर चर्चा के लिए पाकिस्तान की ये पेशकश उसकी छटपटाहट को साफ दिखा रही है। यह पहली बार नहीं था जब भारत सरकार ने 1960 में दोनों देशों के बीच हुई इस संधि में बदलाव की मांग की थी। दो साल पहले भारत ने पाकिस्तान को इस संबंध में नोटिस भेजा था लेकिन इस नोटिस में सिर्फ 'बदलावों' के बारे में बात की गई थी। हालांकि अगस्त 2024 में भेजे नोटिस में भारत ने बदलावों के साथ-साथ समझौते की 'समीक्षा' करने की भी बात की थी। इसमें 'सीमा पार से आतंकवादी गतिविधियों' का भी उल्लेख किया गया था। इसमें भी भारत की ओर से कहा गया था कि 'सीमा पार से आतंकवाद' इस समझौते के सुचारू रूप से संचालन में बाधा है। लेकिन पाकिस्तान ने इस पर कोई उत्तर नहीं दिया, अब जबकि भारत ने समझौते को स्थगित कर दिया है तो पाकिस्तान घुटनों पर आ गया है।

15 मई को एक कार्यक्रम में संवाददाताओं ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से जब सिंधु जल समझौते को लेकर प्रश्न किया, तो उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि यह समझौता अभी निरस्त ही रहेगा। भारत सरकार इस पर पुनर्विचार करने के लिए तैयार नहीं है और इस मामले में पाकिस्तान के साथ बातचीत नहीं होगी। विदेश मंत्री के ताजा बयान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्र के नाम संबोधन में स्पष्ट कर चुके हैं कि खून और पानी साथ नहीं बह सकते हैं।

सिंधु जल संधि के निलंबन से पाकिस्तान की जल सुरक्षा को खतरा है, क्योंकि इसकी 80 प्रतिशत कृषि भूमि इन नदियों पर निर्भर है। इस व्यवधान से खाद्य सुरक्षा, नगरीय जल आपूर्ति और विद्युत उत्पादन पर प्रभाव पड़ेगा साथ ही पाकिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद में सिंधु नदी तंत्र के 25 प्रतिशत योगदान के कारण आर्थिक अस्थिरता भी उत्पन्न होगी। नदी प्रवाह डेटा को रोकने की भारत की क्षमता से पाकिस्तान की सुभेद्यता और बढ़ जाएगी तथा बाढ़ तत्परता और जल संसाधन प्रबंधन में बाधा उत्पन्न होगी। भावार्थ यह है कि आने वाले समय में पाकिस्तान में जल संकट से सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक समस्याएं बढ़ना तय है। पाकिस्तान के पंजाब और सिंध प्रांत में जल बंटवारे को लेकर पुराना विवाद है। वर्तमान जल संकट ये विवाद और गहराएगा।

भारत अब अपने हिस्से की तीनों नदियों रावी, ब्यास और सतलुज के जल को अपने लिए प्रयोग करने की योजना बना रहा है। इस पर तुरंत काम शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा, मध्यकालिक और दीर्घकालिक योजनाओं को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत के इन कदमों से पाकिस्तान को लंबे समय में नुकसान पहुंचना अवश्यम्भावी है। राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट तौर पर कहा कि पाकिस्तान से बात होगी तो टेररिज्म पर होगी पाकिस्तान से बात होगी..तो पीओके पर होगी। अब पाकिस्तान को यह तय करना है कि वो आतंकवादियों का साथ देगा या फिर अपने प्यासे खेतों और नागरिकों की प्यास बुझाने के लिये शांति और शालीनता के मार्ग का चुनाव करेगा।

-राजनीतिक विश्लेषक और स्तंभकार

## विदेश की खबरें

### भारत-कुवैत संबंधों के 250 वर्ष पूरे होने पर आयोजित प्रदर्शनी में कलाकृतियों को प्रदर्शित किया जाएगा

**दुबई :** भारत-कुवैत के सांस्कृतिक संबंधों के 250 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कुवैत में अगले हफ्ते आयोजित एक प्रदर्शनी में बहुमूल्य कलाकृतियों, पांडुलिपियों, दस्तावेजों, दुर्लभ पुस्तकों और अन्य अहम चीजों का प्रदर्शन किया जाएगा। कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि 'रिहला-ए-दोस्ती: भारत-कुवैत संबंध के 250 वर्ष' प्रदर्शनी 19 मई से कुवैत के राष्ट्रीय पुस्तकालय में शुरू होगी। 20-24 मई तक जनता के लिए खुली यह प्रदर्शनी सहयोग और साझा विरासत को उजागर करेगी, जिसमें शुरुआती व्यापार मार्गों से लेकर राजनीति, संस्कृति और विकास में समकालीन सहयोग तक का विवरण होगा।

### गाजा में इजराइली हमले में 64 लोगों की मौत

**दीर अल-बला (गाजा) :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पश्चिम एशिया दौरे के समापन पर शुक्रवार की सुबह इजराइल द्वारा किए गए हमलों में गाजा में कम से कम 64 लोगों की मौत हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कम से कम 48 शव इंडोनेशियन अस्पताल में लाए गए और 16 शव नासेर अस्पताल ले जाए गए। दीर अल-बला के बाहरी इलाकों और खान यूनिस शहर में रातभर से लेकर शुक्रवार सुबह तक हमले किये गये। ट्रंप के खाड़ी देशों के दौरे के समापन पर ये हमले किये गए हैं। हालांकि ट्रंप ने इजराइल का दौरा नहीं किया। लोगों को उम्मीद थी कि उनके दौरे से युद्धविराम या मानवीय सहायता के रास्ते खुल सकते हैं। गाजा में इजराइल की नाकेबंदी का अब तीसरा महीना है। इजराइल की सेना ने इन हमलों पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से जारी हमलों में 130 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 17 मई, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष चतुर्थी, 05:13 तक, नक्षत्र : पूर्वाषाढ़ा, 17:33 तक, योग : साध्य, 06:59 तक, सूर्योदय: 4:56, सूर्यास्त: 18:11, चन्द्रोदय : 22:25, चन्द्रास्त: 08:18, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : धनु, राहू काल : 08:16 से 09:54

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के लिए दिन कार्यक्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ने का है। नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जिनका सही ढंग से निर्वहन करना आपको वरिष्ठों की दृष्टि में ऊंचा स्थान देगा।

**वृष :** वृषभ राशि के जातकों के लिए दिन आर्थिक दृष्टि से उन्नतिदायक है। व्यापार में कोई पुराना साझेदार पुनः संपर्क कर सकता है जिससे नया विस्तार संभव है।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों के लिए दिन व्यस्तता और आर्थिक दबावों से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में प्रतियोगिता और प्रतिस्पर्धा तीव्र हो सकती है, जिससे तनाव महसूस होगा।

**कर्क :** कर्क राशि वालों के लिए दिन आय-वृद्धि और करियर में अवसरों से भरपूर रहेगा। पारिवारिक व्यवसाय से जुड़े लोगों को कोई बड़ा आर्थिक लाभ मिल सकता है।

**सिंह :** सिंह राशि के जातकों के लिए दिन आर्थिक योजनाओं को क्रियान्वित करने हेतु उपयुक्त है। कार्यस्थल में स्थानांतरण या विभागीय परिवर्तन की संभावना बन रही है।

**कन्या :** कन्या राशि के लिए दिन धैर्य और विवेक के साथ निर्णय लेने का है। नौकरी में प्रतिस्पर्धा के बावजूद आपकी परिपक्व सोच आपको आगे बढ़ा सकती है।

**तुला :** तुला राशि वालों के लिए दिन व्यापारिक निर्णयों के लिए अनुकूल है। साझेदारी में चल रहे व्यापार को विस्तार देने या किसी नए प्रॉजेक्ट की शुरुआत के लिए उत्तम समय है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज का दिन व्यापार में रणनीतिक योजना के निर्माण और कार्यान्वयन के लिए श्रेष्ठ है। व्यापारियों के लिए डील फाइनल होने के योग हैं।

**धनु :** धनु राशि वालों के लिए दिन विशेष आर्थिक लाभदायक साबित हो सकता है। शिक्षा, धर्म, सरकारी सेवा व अध्यापन से जुड़े जातकों को विशेष सफलता मिलने के योग हैं।

**मकर :** मकर राशि वालों के लिए दिन अत्यधिक व्यस्तता वाला हो सकता है, लेकिन मेहनत का फल भी मिलेगा। आर्थिक दृष्टि से दिन शुभ है, कोई बड़ा ऑर्डर या क्लाइंट मिलने की संभावना है।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए बुद्धि व विवेक से निर्णय लेने के लिए रहेगा। आप बेवजह यात्रा करने से बचे। आपको अपने कामों को लेकर धैर्य व संयम रखने की आवश्यकता है।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपका आत्मविश्वास काफी मजबूत रहेगा और संपत्ति को लेकर आप कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं।

## वर्ग पहेली नं. 3094



*बायें से दायें:-* 1) ब्याह, 4) पान मसाला, 6) परिस्थिति; पर्यावरण, 7) साहस, 9) शिक्षार्जन, 11) सोलह से पच्चीस साल तक की अवस्था जिसमें मनुष्य की बुद्धि अपरिपक्व रहती है, 13) पीलवान, 14) तीर, 15) फल आदि की गिरी, 16) ख़िजाब, 19) रसीला; गीला, 20) उथलपुथल, 22) छोला, 24) मुखिया, 26) डरावना, 27) भेजा.

*ऊपर से नीचे:-* 1) इश्तहार, 2) वायुयान, 3) स्वागतसत्कार, 4) हुलिया; लक्षण; हुनर, 5) आय-व्यय एवं लेन-देन आदि का लेखा, 8) एक संख्या, 10) गपबाज़ी, 12) झिरी; चिथड़ा; साधुओं का पहनने का कपड़ा, 13) एक जलचर, 15) ग़ैररज़ामंदी; 16) बाल, 17) सुंदर स्त्री, 18) जानना; पधारना, 21) चुपड़ना; बोना, 22) भुलावा, 23) डंक, 25) ऐसा है (तो); अगर.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



## सुडोकू-पहेली-3051

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| | 1 | | 9 | | 4 | | | |
| | | 6 | | 5 | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 1 | | |
| | 2 | | | | 9 | 6 | 3 | |
| 6 | | 7 | 2 | | | | | 8 |
| | | | | | | | 8 | |
| | 7 | 1 | 3 | | | | 6 | |
| 9 | 3 | | 7 | | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

### सूडोकू पहेली - 3050 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 | 4 | 7 |
| 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 4 | 2 | 9 | 6 | 7 | 1 | 5 | 8 |
| 1 | 2 | 3 | 8 | 7 | 9 | 5 | 6 | 4 |
| 4 | 6 | 9 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 2 |
| 8 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 9 | 8 | 6 | 4 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 5 | 1 | 3 | 9 | 2 | 4 | 8 | 6 |
| 6 | 3 | 4 | 7 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |

# भाजपा ने आंदोलनकारी शिक्षकों पर पुलिस कार्रवाई को लेकर तृणमूल सरकार की आलोचना की

❑ **शुभेंदु ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तानाशाही का लगाया आरोप**

❑ **कहा– पुलिस लोगों की सुरक्षा करने के बजाय सत्तारूढ़ पार्टी के इशारे पर काम कर रही**

**कोलकाता :** बंगाल में मुख्य विपक्षी भाजपा ने शुक्रवार को राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि नौकरी गंवाने वाले आंदोलनकारी स्कूली शिक्षकों पर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई क्रूरता का भयावह प्रदर्शन है। बेरोजगार शिक्षकों के नेतृत्व में गुरुवार को कोलकाता के साल्टलेक इलाके में स्थित राज्य शिक्षा विभाग के मुख्यालय विकास भवन के बाहर प्रदर्शन के दौरान पुलिस पर लाठीचार्ज का आरोप है। इन शिक्षकों ने 2016 स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) परीक्षा उत्तीर्ण की थी, लेकिन हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अपनी नियुक्ति खो चुके हैं। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने लाठीचार्ज के दौरान उनमें से कई लोगों की पिटाई की जिससे कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक महिला शिक्षक भी शामिल है, जिसका पैर कथित तौर पर टूट गया है, जबकि एक अन्य के सिर में चोट आई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया कि घायल महिलाएं जमीन पर पड़ी थीं, दर्द से चिल्ला रही थीं और रो रही थीं, लेकिन पुलिस ने मदद करने के बजाय लाठीचार्ज जारी रखा।

शिक्षकों के बढ़ते आक्रोश के बीच, भाजपा विधायक और बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना की और उन पर तानाशाही तथा भ्रष्टाचारियों को बचाने का आरोप लगाया। शुभेंदु ने कहा कि अगर कैबिनेट चोरों को बचाने का फैसला करती है, तो मंत्रिपरिषद में शामिल लोगों को जेल में होना चाहिए।

भाजपा नेता ने दावा किया कि यह मुद्दा मेरे दिल के बहुत करीब है, क्योंकि इसी परीक्षा के ज़रिए मुझे अपनी पहली नौकरी मिली थी। कल विश्वविद्यालय का एक स्वर्ण पदक विजेता ममता बनर्जी की वजह से रो रहा था। अगर इसके लिए कोई ज़िम्मेदार है, तो वह ममता बनर्जी और उनकी पूरी कैबिनेट है।

अधिकारी ने आरोप लगाया कि ईमानदार और योग्य उम्मीदवारों को उनकी योग्यता के बावजूद नौकरी नहीं दी गई, जबकि भर्ती में राजनीतिक लाभ के लिए हेराफेरी की गई।

उन्होंने पुलिस पर लोगों की सुरक्षा करने के बजाय सत्तारूढ़ पार्टी के इशारे पर काम करने का आरोप भी लगाया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री डा सुकांत मजूमदार ने भी कहा कि प्रदर्शनकारी शिक्षकों पर पुलिस की कार्रवाई क्रूरता का एक भयावह प्रदर्शन है।

इस बीच, साल्टलेक में शिक्षा विभाग के मुख्यालय और उसके आसपास आंदोलनकारी स्कूल शिक्षकों और पुलिस के बीच हिंसक झड़पों के एक दिन बाद, प्रदर्शनकारियों ने शुक्रवार को इमारत के बाहर अपना प्रदर्शन फिर से शुरू कर दिया।

उच्चतम न्यायालय ने राज्य-सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति को पिछले दिनों अमान्य करार दिया था और पूरी चयन प्रक्रिया को दूषित और दागी करार दिया था।

## शालीमार-वास्को द गामा अमरावती एक्सप्रेस की सेवा में अस्थायी परिवर्तन

**कोलकाता :** सांतरागाछी स्टेशन और यार्ड में चल रहे नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण रेलवे ने अमरावती एक्सप्रेस की सेवाओं में अस्थायी परिवर्तन की घोषणा की है। इस वजह से कुछ ट्रेनों के प्रस्थान और आगमन स्थल में बदलाव किया गया है। ट्रेन संख्या 18047 (शालीमार – वास्को द गामा) अमरावती एक्सप्रेस, जिसकी यात्रा 17 मई 2025 को शुरू होनी है, वह अब शालीमार स्टेशन के बजाय सांतरागाछी स्टेशन से प्रस्थान करेगी। यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि वे अपनी यात्रा के दिन निर्धारित समय से पहले ही सांतरागाछी स्टेशन पहुँचें और किसी भी असुविधा से बचने के लिए समय-सारणी की पुष्टि करें। इसके साथ ही, ट्रेन संख्या 18048 (वास्को द गामा – शालीमार) अमरावती एक्सप्रेस, जो 16 मई 2025 को वास्को द गामा से रवाना होगी और 17 मई को कोलकाता पहुँचेगी, अब शालीमार के बजाय हावड़ा स्टेशन पर समाप्त होगी।

## आईआईटी ने पादप रोगों का पता लगाने, कीटनाशकों के छिड़काव के लिए रोबोटिक प्रणाली तैयार की

**कोलकाता :** स्मार्ट खेती को बढ़ावा देने के लिए खड़गपुर स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग ने पौधों की बीमारियों का पता लगाने और स्वचालित रूप से कीटनाशकों का छिड़काव करने में किसानों की मदद के लिए एक रोबोट प्रणाली विकसित की है। संस्थान के प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 'सेमी ऑटोमैटिक ट्रैक्ड मोबाइल मैनिपुलेटर कम एग्रीकल्चरल रोबोटिक सिस्टम' सटीक रूप से रोग का पता लगाने और उपयुक्त कीटनाशकों के स्वचालित छिड़काव के लिए कैमरा-आधारित तस्वीर विश्लेषण का उपयोग करता है। प्रवक्ता ने कहा कि हालांकि ड्रोन आधारित कृषि रोबोटों ने लोकप्रियता हासिल कर ली है, लेकिन उन्हें पौधों की पत्तियों की उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरें लेने में दिक्कत होती है और यह रोबोटिक प्रणाली इस खामी को दूर करेगी। अधिकारी ने बताया कि यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग के प्रोफेसर दिलीप कुमार प्रतिहार के नेतृत्व वाली टीम द्वारा विकसित इस रोबोटिक प्रणाली को 'भारत पेटेंट' प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रणाली का उद्देश्य पौधों की बीमारियों की पहचान करने तथा उचित एवं सुरक्षित कीटनाशक का प्रयोग सुनिश्चित करने में किसानों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करना है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के वित्तीय सहयोग से तैयार की गई इस प्रणाली का उद्देश्य न केवल हाथ से कीटनाशक छिड़काव के दौरान किसानों के सामने आने वाले स्वास्थ्य जोखिमों को कम करना है, बल्कि खाद्य गुणवत्ता और कृषि उत्पादकता में भी उल्लेखनीय वृद्धि करना है।

## दक्षिण 24 परगना जिला परिषद में 16वां राष्ट्रीय डेंगू दिवस 2025 कार्यक्रम संपन्न

**कोलकाता :** दक्षिण 24 परगना जिला परिषद के सम्मेलन कक्ष में 16वां राष्ट्रीय डेंगू दिवस 2025 हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला परिषद की माननीय सभाधिपति नीलिमा मिस्त्री विशाल, सौमेन पाल (अतिरिक्त जिलाधिकारी – जिला परिषद), अनीश दासगुप्ता (अतिरिक्त जिलाधिकारी – सामान्य), शिखा राय (जनस्वास्थ्य व पर्यावरण स्थायी समिति की कार्याध्यक्षा), अन्य समिति के कार्याध्यक्षगण, जिला परिषद के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, सचिव, उप-सचिव एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अपने-अपने संबोधन में सभी वक्ताओं ने राष्ट्रीय डेंगू दिवस की महत्ता एवं इसके पर्यावरणीय पहलुओं पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात जिला सूचना एवं संस्कृति विभाग की ओर से आमंत्रित



लोकप्रसार कलाकारों ने पतंगजनित रोग नियंत्रण एवं स्वास्थ्य जागरूकता विषयों पर लोकगीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में दक्षिण 24 परगना स्वास्थ्य जिले के उप-सीएमओएच-2 एवं उनकी कीट विज्ञान टीम ने मच्छरों के लार्वा की पहचान तथा उनसे बचाव के उपायों को हाथों-हाथ प्रदर्शित किया एवं फील्ड अनुभवों को साझा किया। राज्य सरकार की ओर से तीन प्रेरणादायक वीडियो भी दिखाए गए। इसके बाद जिले के तीन श्रेष्ठ कीट सर्वेक्षण कर्मियों को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में सोनारपुर ब्लॉक के 11 कीट सर्वेक्षण सुपरवाइजरों को कीटनाशक सामग्री वितरित की गई। अंत में राष्ट्रीय डेंगू दिवस की शपथ दिलाकर कार्यक्रम का औपचारिक समापन किया गया।

## टीसीआई लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 के शानदार परिणाम किए जारी, मुनाफे में 17.4% की वृद्धि

**कोलकाता, समाज्ञा :** ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआई), देश की अग्रणी एकीकृत आपूर्ति श्रृंखला और बहु-माध्यमीय परिवहन सेवा प्रदाता कंपनी ने वित्त वर्ष 2025 के नतीजों की घोषणा की। कंपनी ने 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष में 45,385 मिलियन का समेकित राजस्व दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 11.5% अधिक है। ब्याज, कर, मूल्यह्रास और अमूर्त व्यय से पहले की आय (ईबीआईटीडीए) 5,078 मिलियन रही, जबकि कर पश्चात लाभ (पीएटी) 4,161 मिलियन पर पहुंच गया, जो 17.4% की वृद्धि दर्शाता है। चौथी तिमाही में भी प्रदर्शन मजबूत रहा – कंपनी ने 11,972 मिलियन का राजस्व और 1,151 मिलियन का लाभ कमाया। टीसीआई के प्रबंध निदेशक विनीत अग्रवाल ने कहा कि बहु-माध्यमीय परिवहन, डिजिटलीकरण, स्थिरता और नवाचार ने कंपनी की मजबूती में प्रमुख भूमिका निभाई। विद्युत चालित और तरल प्राकृतिक गैस चालित ट्रक, नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित भंडारण व्यवस्था और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तकनीकी सेवाएं, कंपनी की भविष्य की रणनीति का हिस्सा हैं।

## थॉमस कुक इंडिया ने कार्तिक आर्यन को बनाया फॉरेक्स बिजनेस का ब्रांड एंबेसडर

**कोलकाता, समाज्ञा :** थॉमस कुक (इंडिया) लिमिटेड ने बॉलीवुड स्टार कार्तिक आर्यन को अपने फॉरेक्स बिजनेस के लिए ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। यह कदम कंपनी के हाल ही में लॉन्च किए गए बॉर्डरलेस ट्रैवल कार्ड के प्रचार के तहत उठाया गया है, जो युवा भारत को लक्षित करता है। भारत के मिलेनियल्स और जेन जी वर्ग तेजी से अंतर्राष्ट्रीय यात्राओं की ओर अग्रसर हो रहे हैं और थॉमस कुक इस सेगमेंट में अपने प्रीपेड मल्टी-मुद्रा कार्ड के माध्यम से सशक्त उपस्थिति दर्ज कराना चाहता है। कार्तिक आर्यन का युवाओं में लोकप्रिय और प्रेरणादायक व्यक्तित्व उन्हें इस ब्रांड के लिए उपयुक्त चेहरा बनाता है। कैंपेन के तहत जारी एक विज्ञापन फिल्म में अंतर्राष्ट्रीय यात्रा की जटिलताओं को सरल बनाने के समाधान के रूप में इस कार्ड को प्रस्तुत किया गया है। यह अभियान डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर चलाया जाएगा, जिससे व्यापक जुड़ाव सुनिश्चित किया जा सके।

## रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस ने वित्तीय वर्ष 2024–25 में दर्ज किया शानदार प्रदर्शन

**कोलकाता :** भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में शुमार रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (आरएनएलआईसी) ने 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी ने प्रमुख प्रदर्शन मापदंडों में स्थिरता और उत्कृष्टता का परिचय दिया, साथ ही ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण और परिचालन दक्षता को और मजबूत किया। कंपनी ने 235% का मजबूत सॉल्वेंसी अनुपात बनाए रखा, जो नियामक आवश्यकताओं से कहीं अधिक है। यह एक ठोस वित्तीय स्थिति और विवेकपूर्ण पूंजी प्रबंधन का प्रमाण है। प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, आशीष वोहरा, कार्यकारी निदेशक और सीईओ, रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, ने कहा: हमें इस वर्ष के उत्कृष्ट प्रदर्शन और उन्नत लाभप्रदता की घोषणा करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है। यह अनुशासित कार्यान्वयन, ग्राहक-प्रथम दृष्टिकोण और मजबूत आधार का परिणाम है।

# पूर्वांचल विद्या मंदिर में संस्कार-संस्कृति चेतना हेतु अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा कोलकाता के सुप्रसिद्ध प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान पूर्वांचल विद्या मंदिर में संस्कार संस्कृति चेतना का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार लोहिया ने कहा कि अगर विद्यार्थी जीवन में हम मेहनत करते हैं तो उसके बाद में उसका फल हमें पूरा जीवन मिलता है और अगर इस समय अगर हम कोताही बरतते हैं तो उसका खामियाजा हमें पूरी जिंदगी भुगतना पड़ता है। इसलिए उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अनुरोध किया कि इस महत्वपूर्ण बात को याद रखते हुए अपने जीवन को सफल बनाने के लिए पूरी मेहनत लगाने एवं



निष्ठा के साथ विद्यार्जन करें और घर मे बुजुर्गो का सेवा-सम्मान करें। उन्होंने बताया कि विदुर नीति एवं गीता जैसे हमारे ज्ञान के भंडार 5000 वर्षों से हमें उपलब्ध हैं। हमारी संस्कृति, हमारे संस्कार, हमारी ज्ञान मंजूषा विश्व में सर्वश्रेष्ठ है। इसलिए हमें किसी भी रकम से अपने को दूसरों से कम नही समझना चाहिए। जीवन हमें श्रेष्ठ बनने के लिए मिला है। इसके लिए हमें पूरी तैयारी के साथ अपने जीवन को श्रेष्ठ बनाने के लिए सजग एवं सचेस्ट रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि बच्चों में संस्कार संस्कृति चेतना जागृत करना अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में से एक है। उन्होंने सभी से इस कार्यक्रम से जुड़ने के लिए आवाहन किया।

विद्या मंदिर के अध्यक्ष बृजमोहन बेरीवाल ने भारतवर्ष के संस्कार और संस्कृति के विषय में बच्चों को जानकारी दी एवं बताया कि उन्हें अगर सफल होना है तो अपने संस्कार-संस्कृति को अपने जीवन में उतरना है। उन्होंने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्या मंदिर की प्राचार्या रानी जेसिका गोम्स ने भी अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किये। इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल के छात्रों ने विदुर नीति, चाणक्य नीति, गीता एवं रामायण के विभिन्न श्लोको का विश्लेषण किया और उन पर अपने विचार व्यक्त किये। छात्रों उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया। सभी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता, सज्जन बेरीवाल , विद्या मंदिर की उप प्राचार्य मोम मित्र, मनोज सर, दिलीप दा संलग्न थे। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल उपाध्यक्ष विश्वनाथ भुवालका,पवन बंसल,राजेश सोंथलिया, अनिल डालमिया,सांवरमल शर्मा आदि उपस्थित थे।

# मालदह मंडल ने पीरपैंती और राजमहल स्टेशनों पर मीडिया टूर का किया आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के मालदह मंडल ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पीरपैंती और राजमहल स्टेशनों पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों की प्रगति को दर्शाने हेतु एक मीडिया टूर का आयोजन किया। इस टूर का नेतृत्व मंडल रेल प्रबंधक यतीश कुमार ने किया। उनके साथ मंडल के वरिष्ठ शाखा अधिकारी भी उपस्थित थे। इस पहल का उद्देश्य मीडिया के माध्यम से जनता को स्टेशन उन्नयन की दिशा में किए जा रहे कार्यों से अवगत कराना था। पीरपैंती स्टेशन, जो एनएसजी-5 श्रेणी में आता है, का पुनर्विकास 18.93 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। इसमें आधुनिक अग्रभाग, प्रतीक्षालय, फुट



ओवर ब्रिज, दिव्यांगजन-अनुकूल सुविधाएं, वीडियो वॉल्स और स्थानीय कला से प्रेरित डिजाइन शामिल हैं। यह कार्य अगस्त 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअली शिलान्यासित हुआ था। राजमहल स्टेशन पर 7.03 करोड़ की लागत से प्रथम चरण में प्लेटफार्म विस्तार, प्रतीक्षालय, साइनेज, आकर्षक मूर्तियाँ और दिव्यांगजन-अनुकूल सुविधाओं का विकास किया गया है। दोनों स्टेशनों के पुनर्विकास से यात्रियों को बेहतर सुविधा और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा नया अनुभव प्राप्त होगा।

# हावड़ा मंडल में आरपीएफ ने कसी सुरक्षा की कमर, यात्रियों की सुरक्षा के लिए उठाए गए सख्त कदम

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने मौजूदा राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सख्त कर दिया है। यात्रियों की सुरक्षा, रेलवे कर्मचारियों की रक्षा और रेल परिसंपत्तियों को किसी भी संभावित खतरे से बचाने के उद्देश्य से आरपीएफ ने कई सक्रिय और एहतियाती उपायों की श्रृंखला शुरू की है। प्रमुख स्टेशनों पर नियमित रूप से रूट मार्च किए जा रहे हैं और यात्रियों को अफवाहों से दूर रहने व केवल आधिकारिक सूचनाओं पर विश्वास करने हेतु उद्घोषणाएं की जा रही हैं। संवेदनशील इलाकों जैसे रेलवे यार्ड, पुल और कमजोर ट्रैक हिस्सों पर संयुक्त गश्त चलाई जा रही है ताकि किसी भी आपराधिक गतिविधि को रोका जा सके। तोड़फोड़-रोधी जांच के तहत डॉग स्क्वॉड की सहायता से संदिग्ध व्यक्तियों और स्थानों की गहन





तलाशी ली जा रही है। महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों जैसे कंट्रोल रूम, कार्यशालाएं और संविदा कार्यस्थलों में प्रवेश नियंत्रण कड़ा किया गया है। साथ ही, सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी), खुफिया ब्यूरो (आईबी) व अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय कर सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जा रहा है। यात्रियों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की सूचना तुरंत रेलवे स्टाफ या सुरक्षा कर्मियों को देने के लिए जागरूक किया जा रहा है। रेलवे कर्मचारी भी आंतरिक निगरानी को मजबूत करने के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षित किए जा रहे हैं। स्टेशनों पर सीसीटीवी निगरानी को और अधिक सुदृढ़ किया गया है तथा बैग व माल की जांच के लिए उन्नत स्कैनिंग प्रणाली लागू की गई है। आरपीएफ ने यात्रियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि वे सतर्क रहें और सुरक्षा में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

# डीए मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को शुभेंदु ने बताया कि सरकारी कर्मचारियों की बड़ी जीत

❑ **कर्मचारियों के अधिकारों को सालों तक नकारने के लिए ममता के इस्तीफे की भी मांग की**

**कोलकाता :** बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदू अधिकारी ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा शुक्रवार को राज्य सरकार को सरकारी कर्मचारियों को 25 प्रतिशत बकाया महंगाई भत्ता (डीए) का भुगतान करने संबंधी आदेश का स्वागत करते हुए इसे कर्मचारियों की बड़ी जीत बताया है। शीर्ष कोर्ट के फैसले के बाद सुवेंदू ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, मैं सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजय करोल और संदीप मेहता द्वारा दिए गए इस निर्देश का स्वागत करता हूं, जिसमें उन्होंने बंगाल सरकार को तुरंत 25 प्रतिशत बकाया डीए कर्मचारियों को भुगतान करने को कहा है। यह फैसला बंगाल सरकार के कर्मचारियों की बहुत बड़ी जीत है। ये वही कर्मचारी हैं जो लंबे समय से राज्य सरकार की कठोरता और अन्याय के खिलाफ लड़ते आ रहे थे। पहले ट्रिब्यूनल और फिर सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचकर। शुभेंदु ने आगे लिखा कि भाजपा से संबद्ध कर्मचारी परिषद (बंगाल सरकार के राष्ट्रवादी कर्मचारियों का संघ) ने इस कानूनी लड़ाई में आगे बढ़कर नेतृत्व किया। इस जीत के लिए संगठन के सभी सदस्यों और पदाधिकारियों को बधाई, जिन्होंने ममता सरकार के दमन के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने वरिष्ठ अधिवक्ता परमजीत सिंह पाटवाला, प्रख्यात वकील बांसुरी स्वराज और उन सभी वकीलों का भी आभार व्यक्त किया जिन्होंने कर्मचारियों की ओर से सुप्रीम कोर्ट में पैरवी की। सुवेंदू ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार कहा था कि डीए कोई अधिकार नहीं है। लेकिन आज सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट कर दिया है कि डीए वास्तव में कर्मचारियों का अधिकार है। मुझे उम्मीद है कि ममता बनर्जी लाखों राज्य सरकार के कर्मचारियों के अधिकारों को सालों तक नकारने की जिम्मेदारी लेंगी और अपना इस्तीफा देंगी।

# पूर्व रेलवे में 'प्रेम' बैठक का आयोजन, कर्मचारियों की भागीदारी पर दिया जोर

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने शुक्रवार को कोलकाता के फेयरली प्लेस स्थित अपने मुख्यालय में 'प्रेम' (पार्टिसिपेशन ऑफ रेलवे एम्प्लॉयीज इन मैनेजमेंट) बैठक का आयोजन किया। इस बैठक का उद्देश्य कर्मचारियों और प्रबंधन के बीच समन्वय एवं सहभागिता को बढ़ावा देना रहा, जिससे निर्णय प्रक्रिया अधिक प्रभावी और समावेशी बन सके। बैठक की अध्यक्षता महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने की, जिसमें पूर्व रेलवे के सभी प्रधान अधिकारी और विभिन्न ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में महाप्रबंधक ने कर्मचारियों की भलाई हेतु उठाए गए कदमों की जानकारी दी और ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे व्यापक मांगों के बजाय तात्कालिक रूप से लागू की जा सकने वाली विशिष्ट आवश्यकताओं पर जोर दें। उन्होंने यह भी बताया कि रेलवे द्वारा





कर्मचारियों की सुविधाओं में वृद्धि, प्रणालीगत सुधार और सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस बैठक में तीन प्रमुख विषयों – दुर्घटना रोकथाम रणनीति, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण और कर्मचारी सुविधाओं में सुधार पर गहन विचार-विमर्श हुआ। इन विषयों पर प्रबंधन और कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के बीच विचारों का रचनात्मक आदान-प्रदान हुआ, जिनके सकारात्मक परिणामों को जल्द ही चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा।

इस अवसर पर अतिरिक्त महाप्रबंधक सुमित सरकार तथा विभिन्न विभागों के प्रधान प्रमुख अधिकारी जैसे वाणिज्य, इंजीनियरिंग, विद्युत, यांत्रिक, चिकित्सा, कार्मिक, सुरक्षा, सिग्नल एवं दूरसंचार, सामग्री प्रबंधन, संरक्षा और वित्त विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक का समापन उप महाप्रबंधक (सामान्य) वेद प्रकाश द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# पूर्व रेलवे मुख्यालय में निराला हिंदी पुस्तकालय का उद्घाटन

**कोलकाता :** पूर्व रेलवे मुख्यालय, फेयरली प्लेस के भूतल पर आज हिंदी साहित्य के प्रख्यात लेखक सूर्यकांत त्रिपाठी निराला के नाम पर निराला हिंदी पुस्तकालय का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सीमा देऊस्कर एवं महाप्रबंधक मिलिन्द देऊस्कर के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस समारोह में अपर महाप्रबंधक सुमित सरकार, मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य बिजली इंजीनियर देवेन्द्र कुमार, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) मनीष, राजभाषा अधिकारी डॉ. मधुसूदन दत्त, सभी प्रधान विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। पुस्तकालय में कथा, कविता, निबंध, जीवनी, इतिहास, प्रेरणात्मक साहित्य तथा राजभाषा से संबंधित महत्वपूर्ण संदर्भ



पुस्तकें उपलब्ध हैं। यह पुस्तकालय हिंदी साहित्य के प्रचार-प्रसार एवं पठन-पाठन की संस्कृति को बढ़ावा देगा। महाप्रबंधक मिलिन्द देऊस्कर ने पुस्तकालय के नव निर्माण में मुख्य राजभाषा अधिकारी देवेन्द्र कुमार द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने वेबसाइट पर पुस्तकों की सूची उपलब्ध कराने के निर्णय की भी सराहना की। सीमा देऊस्कर ने पुस्तकों के सुव्यवस्थित संकलन एवं चयन की सुविधा हेतु धन्यवाद देते हुए इस पहल को हिंदी प्रेमियों के लिए सराहनीय बताया। समारोह के अंत में मुख्य राजभाषा अधिकारी देवेन्द्र कुमार ने सभी उपस्थित गणमान्य अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।

# मेट्रो रेलवे स्टाफ ने अस्वस्थ महिला यात्री की समय पर की मदद

**कोलकाता :** कोलकाता मेट्रो के ईस्प्लानेड स्टेशन पर एक अस्वस्थ महिला यात्री को समय रहते सहायता प्रदान कर मेट्रो रेलवे के स्टाफ और आरपीएफ कर्मियों ने एक बार फिर अपनी संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय दिया।

यह घटना 15 मई को शाम करीब 7:25 बजे की है, जब लगभग 28 वर्षीय एक महिला यात्री प्लेटफॉर्म पर अचानक अस्वस्थ महसूस करने लगीं। भीड़भाड़ के समय यह स्थिति देख वहां तैनात स्टेशन स्टाफ और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवान तुरंत उनकी मदद के लिए पहुंचे।

महिला की स्थिति को गंभीर मानते हुए उन्हें तत्काल स्टेशन मास्टर के कार्यालय में लाया गया और प्राथमिक उपचार दिया गया। इसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज और अस्पताल भेजा गया। स्टेशन स्टाफ और आरपीएफ कर्मी उनके साथ अस्पताल तक गए। महिला द्वारा प्रदान किए गए मोबाइल नंबर के माध्यम से उनके परिजन को भी तुरंत सूचित किया गया।

महिला यात्री ने मेट्रो रेलवे के स्टाफ द्वारा समय पर दी गई सहायता के लिए गहरी कृतज्ञता व्यक्त की और इस मानवीय पहल के लिए उनका आभार जताया। मेट्रो रेलवे द्वारा दिखाई गई यह तत्परता एक बार फिर साबित करती है कि यात्रियों की सुरक्षा और सेवा के लिए मेट्रो स्टाफ सदैव सजग और समर्पित है।

# हावड़ा मंडल ने बंडेल और वर्दवान स्टेशनों पर प्रभात फेरी, वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियान का किया आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा मंडल की स्थापना के 100 गौरवशाली वर्षों के उपलक्ष्य में जारी उत्सव श्रृंखला के अंतर्गत 15 मई को बंडेल स्टेशन और उसके आसपास तथा 16 मई को वर्दवान स्टेशन व उसके आसपास प्रभात फेरी, वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियानों का सफल आयोजन किया गया। ये कार्यक्रम मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के निर्देशन में संपन्न हुए, जिनका उद्देश्य सामुदायिक सहभागिता, पर्यावरणीय जागरूकता और जनसेवा को बढ़ावा देना रहा। बंडेल स्टेशन पर कार्यक्रम की शुरुआत रंगारंग प्रभात फेरी से हुई, जिसमें रेलवे कर्मचारी, अधिकारी और स्थानीय स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस दौरान मंडल की 100 वर्षों की उपलब्धियों को दर्शाते हुए नारे लगाए गए और बैनर प्रदर्शित किए गए। इसके बाद स्टेशन परिसर में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया, जिससे पर्यावरण





संरक्षण और हरित पहल को बल मिला। स्वच्छ भारत अभियान की भावना के अनुरूप प्लेटफार्मों और आसपास के क्षेत्रों में व्यापक स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। अगले दिन, वर्दवान स्टेशन पर भी इसी प्रकार के आयोजन किए गए। प्रभात फेरी में रेलवे परिवार की एकता और गर्व का भाव देखने को मिला, वहीं वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियानों ने पर्यावरणीय जिम्मेदारी और नागरिक चेतना के संदेश को और मजबूत किया। ये आयोजन न केवल हावड़ा मंडल की गौरवशाली विरासत को सम्मानित करने के लिए थे, बल्कि सतत विकास, समुदाय की भलाई और स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता को भी उजागर करते हैं। 100 वर्षों के इस ऐतिहासिक सफर का उत्सव जनभागीदारी और प्रेरणा का प्रतीक बन गया है।

# तृणमूल कांग्रेस ने जिला संगठन में किया बड़ा फेरबदल, कई पुराने चेहरों पर जताया भरोसा

❑ कई जगह अब भी इंतजार

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले तृणमूल कांग्रेस ने अपने संगठन में बड़ा फेरबदल किया है। पार्टी ने विभिन्न जिलों के अध्यक्ष और चेयरपर्सन के नामों की घोषणा की है, जिसमें कई पुराने नेताओं को फिर से जिम्मेदारी दी गई है। बीरभूम और उत्तर कोलकाता जैसे अहम क्षेत्रों में जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी कोर कमिटी को सौंपी गई है, जबकि कुछ जिलों में अब तक नाम घोषित नहीं किए गए हैं। अलीपुरद्वार में जिला चेयरमैन गंगाप्रसाद शर्मा और जिला अध्यक्ष प्रकाश चिक बोराइक होंगे। कोचबिहार में गिरीन्द्रनाथ बर्मन को जिला चेयरमैन और अभिजीत दे भौमिक को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। जलपाईगुड़ी में खगेश्वर राय चेयरमैन और महुआ गोप अध्यक्ष बनाए गए हैं। दार्जिलिंग हिल्स में एल.बी. राय चेयरमैन और शांता छेत्री जिला अध्यक्ष रहेंगी, जबकि दार्जिलिंग समतल के अध्यक्ष का नाम अभी घोषित नहीं किया गया है, वहां चेयरमैन के रूप में संजय तिबरेवाल की नियुक्ति हुई है।

उत्तर दिनाजपुर में हमीदुल रहमान चेयरमैन और कनई लाल अग्रवाल अध्यक्ष होंगे। दक्षिण दिनाजपुर में तोराफ हुसैन मंडल को चेयरमैन और सुभाष भावाल को अध्यक्ष बनाया गया है। मालदह में चैताली सरकार चेयरमैन और अब्दुर रहीम बक्सी अध्यक्ष होंगे। मुर्शिदाबाद जिले के बहरमपुर भाग में नियामत शेख चेयरमैन और अपूर्व सरकार अध्यक्ष, जबकि जंगीपुर में जाकिर हुसैन चेयरमैन और खलीलुर रहमान को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बीरभूम जिले में इस बार किसी नए व्यक्ति को अध्यक्ष नहीं बनाया गया है। आशीष बंद्योपाध्याय को चेयरमैन बनाया गया है, जबकि अध्यक्ष की जिम्मेदारी कोर कमिटी को दी गई है। पूर्व वर्दवान में अपूर्व चौधरी चेयरमैन और रवींद्रनाथ चट्टोपाध्याय अध्यक्ष होंगे। पश्चिम वर्दवान में हरे राम सिंह चेयरमैन और नरेंद्रनाथ चक्रवर्ती अध्यक्ष बनाए गए हैं। बांकुड़ा में आलोक सेन मजूमदार चेयरमैन और ताराशंकर राय अध्यक्ष होंगे, जबकि विष्णुपुर में बिक्रमजीत चट्टोपाध्याय चेयरमैन और सुब्रत दत्ता को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

पुरुलिया में शांतिराम महतो चेयरमैन और राजीव लोचन सोरेन अध्यक्ष होंगे। झाड़ग्राम में वीरबाहा सोरेन टुडू चेयरपर्सन और दुलाल मुर्मू अध्यक्ष बनाए गए हैं। पूर्व मेदिनीपुर (तमलुक) में दीपेंद्र नारायण राय चेयरमैन और सुजीत कुमार राय अध्यक्ष होंगे, जबकि कांथी में तरुण माइती चेयरमैन और पीयूष कान्ति पांडा अध्यक्ष होंगे। पश्चिम मेदिनीपुर के घाटाल भाग में राधाकांत माइती चेयरपर्सन और अजीत माइती अध्यक्ष बनाए गए हैं, जबकि मेदिनीपुर भाग में दीनन राय चेयरपर्सन और सुजॉय हाज़रा को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

हावड़ा जिले में ग्रामीण क्षेत्र के लिए समीर कुमार पांजा चेयरमैन और अरुणाभ सेन अध्यक्ष, शहरी क्षेत्र के लिए अरूप राय चेयरमैन और गौतम चौधरी अध्यक्ष होंगे। हुगली (श्रीरामपुर) में असीमा पात्र चेयरपर्सन और अरिंदम गुइन अध्यक्ष बनाए गए हैं। नदिया जिले के कृष्णनगर भाग में रुक्बानुर रहमान चेयरमैन और महुआ मोइत्रा अध्यक्ष, जबकि राणाघाट में शंकर सिंह राय चेयरमैन और देवाशीष गांगोपाध्याय अध्यक्ष होंगे।

कोलकाता उत्तर में सुदीप बंदोपाध्याय चेयरमैन होंगे और अध्यक्ष की जिम्मेदारी कोर कमिटी के पास होगी। कोलकाता दक्षिण में मनीष गुप्ता चेयरमैन और देव-ाशीष कुमार अध्यक्ष बनाए गए हैं। उत्तर 24 परगना के बनगांव भाग में ममता ठाकुर चेयरपर्सन और विश्वजीत दास अध्यक्ष होंगे। बारासात और उसके आसपास के क्षेत्र के लिए चेयरमैन और अध्यक्ष के नाम अभी घोषित नहीं हुए हैं। उत्तर 24 परगना के बशीरहाट भाग में सरोज बंद्योपाध्याय चेयरमैन और बुरहानुर मुक्कादिम अध्यक्ष होंगे। दमदम-बैरकपुर क्षेत्र में निर्मल घोष चेयरमैन और पार्थ भौमिक अध्यक्ष होंगे। दक्षिण 24 परगना में डायमंड हार्बर-जादवपुर क्षेत्र के लिए अशोक कुमार देव चेयरमैन और शुभाशीष चक्रवर्ती अध्यक्ष होंगे, जबकि सुंदरबन क्षेत्र के लिए नमिता साहा चेयरपर्सन और जयदेब हालदार को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

तृणमूल कांग्रेस का यह कदम संगठनात्मक मजबूती के उद्देश्य से उठाया गया है। हालांकि कुछ क्षेत्रों, जैसे उत्तर कोलकाता और बारासात, में नामों की घोषणा अभी बाकी है। वहीं, बीरभूम में संगठन की कमान कोर कमिटी के हवाले कर दी गई है, जिससे साफ है कि पार्टी हर जिले में स्थानीय समीकरणों को ध्यान में रखते हुए फैसला ले रही है।

## एनआरएससी-इसरो, एनजेबी और जेसीआई के बीच त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय जूट निगम लिमिटेड (जेसीआई) ने अपने 54 वर्षों के गौरवमयी इतिहास में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। जेसीआई, जो जूट किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) प्रदान करने के लिए समर्पित है, ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 252.38 करोड़ में 5.05 लाख क्विंटल से अधिक कच्चा जूट खरीदा है। आगामी फसल वर्ष 2025-26 के लिए, भारत सरकार ने टीडी3 (मध्यम ग्रेड) के आधार पर एमएसपी दर 5,335 से बढ़ाकर 5,650 प्रति क्विंटल घोषित की है। कच्चे जूट की गुणवत्ता में सुधार और उत्पादन में वृद्धि के लिए, जेसीआई ने राष्ट्रीय जूट बोर्ड द्वारा वित्तपोषित और प्रमुख कृषि अनुसंधान संस्थानों – आईसीएआर-सीआरआईजेएएफ और आईसीएआर-एनआईएनएफईटी द्वारा सहायता प्राप्त 'जूट-आईकेयर' योजना को लागू किया है। इस योजना का उद्देश्य जूट की खेती में किसान-अनुकूल तरीके से मशीनीकरण को बढ़ावा देना और माइक्रोबियल कंसोर्टियम का उपयोग करके तेजी से सड़न प्रक्रिया को बढ़ावा देना है। हाल ही में, 'जूट-आईकेयर' ने राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र, आईएसआरओ और एनजेबी के साथ मिलकर एक भू-स्थानिक फसल निगरानी प्रणाली शुरू की है। इस प्रणाली का उद्देश्य खेती की गई भूमि का सटीक पता लगाना और जूट उत्पादन और उत्पादकता का अनुमान लगाना है। इस पहल के तहत, एनआरएससी ने उपग्रह डेटा का उपयोग करके फसल क्षेत्र का अनुमान, उपज का अनुमान, फसल की स्थिति, मिट्टी की जानकारी और फसल प्रणाली अध्ययन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर काम किया है। इस पहल से न केवल जूट किसानों की आय में सुधार होगा, बल्कि यह भारत की कृषि क्षेत्र में तकनीकी नवाचार और सटीकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## बरसात में आपदा से निपटने को लेकर राज्य और केंद्र में समन्वय पर जोर, नबान्ना में मुख्य सचिव ने दिए निर्देश



**कोलकाता :** राज्य में आगामी मानसून सत्र के दौरान संभावित आ-पदाओं से निपटने के लिए राज्य सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को नबान्ना में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्य सचिव मनोज पांथ ने विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने बैठक में स्पष्ट किया कि राज्य और केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के बीच आपसी समन्वय को और मजबूत करना होगा, ताकि न केवल आपदा से निपटने में तत्परता दिखाई जा सके, बल्कि उद्धार और राहत कार्यों को भी प्रभावी ढंग से अंजाम दिया जा सके। उन्होंने सिचाई विभाग को डैम और नदी जल प्रवाह के प्रबंधन के लिए डिवीसी (डीवीसी) के साथ समन्वय बनाए रखने का निर्देश दिया।

बैठक में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), थलसेना, नौसेना, तटरक्षक बल, मौसम विभाग, और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। जिलाधिकारियों ने वर्चुअली बैठक में भाग लिया। मुख्य सचिव ने उन्हें निर्देश दिया कि प्रत्येक जिले में पर्याप्त मात्रा में राहत सामग्री का भंडारण सुनिश्चित किया जाए।

इसके साथ ही, उन्होंने आश्रय शिविरों की समीक्षा कर उन्हें पूरी तरह से सुसज्जित रखने का आदेश भी दिया। मत्स्य विभाग को चेताया गया कि आपदा की पूर्व चेतावनी मिलते ही मछुआरों को तुरंत तट पर लाने की व्यवस्था की जाए। यदि कोई नौका संकट में फंसती है, तो उसकी स्थिति का त्वरित पता लगाकर बचाव कार्य किया जाए, इसके लिए अत्याधुनिक तकनीक के इस्तेमाल की बात कही गई।

मुख्य सचिव ने सभी विभागों से पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने और आपसी तालमेल को सुदृढ़ बनाने का आह्वान किया, ताकि बरसात के मौसम में जनजीवन पर न्यूनतम प्रभाव पड़े और राहत कार्यों में कोई बाधा न आए।

## पाकिस्तान के साथ तनातनी के बीच सेना ने पूर्वी सीमा पर किया तीस्ता प्रहार अभ्यास

❑ **अभ्यास के जरिए सैन्य तालमेल और तत्परता का किया गया प्रभावशाली प्रदर्शन**

❑ **अगली पीढ़ी के उन्नत हथियारों का किया गया प्रदर्शन**



**कोलकाता :** आपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद पाकिस्तान के साथ तनातनी के बीच तैयारियों को परखने के लिए संयुक्त बल परिचालन क्षमता के एक शक्तिशाली प्रदर्शन में, भारतीय सेना के पूर्वी कमान ने तीस्ता फील्ड फायरिंग रेंज में तीस्ता प्रहार अभ्यास का आयोजन किया। कोलकाता में रक्षा प्रवक्ता ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि त्रिशक्ति कोर के तत्व-ावधान में चीन के साथ लगती पूर्वी सीमा पर तीस्ता नदी के किनारे चुनौतीपूर्ण इलाके में आयोजित इस अत्यधिक प्रभावी और एकीकृत फील्ड अभ्यास ने युद्ध जैसी स्थितियों में विभिन्न हथियारों और सेवाओं की प्रभावशीलता, त्वरित लामबंदी, तैनाती और समन्वय को प्रमाणित किया।

रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि इस अभ्यास में उच्च तकनीक वाले अत्याधुनिक हथियारों व उपकरणों का उपयोग करते हुए सटीक हमला करने की क्षमताओं का प्रदर्शन किया गया।

अभ्यास में पैदल सेना, तोपखाना, बख्तरबंद कोर, मशीनीकृत पैदल सेना, पैरा स्पेशल फोर्स, सेना विमानों, इंजीनियर और सिग्नल कोर सहित प्रमुख युद्ध और सहायता तत्वों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। अभ्यास का आकर्षण नई शामिल अगली पीढ़ी की हथियार प्रणालियों, सैन्य प्लेटफार्मों और उन्नत युद्धक्षेत्र प्रौद्योगिकियों की तैनाती और सत्यापन था, जो आधुनिकीकरण पर भारतीय सेना के निरंतर ध्यान को दर्शाता है।

इस अभ्यास में तालमेल और निर्बाध समन्वय पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिससे सेना की विविध इलाकों और चुनौतीपूर्ण मौसम में तेजी से और प्रभावी ढंग से संचालन करने की क्षमता को मजबूत किया गया। रक्षा अधिकारी ने कहा कि तीस्ता प्रहार ने युद्ध उत्कृष्टता, तकनीकी उन्नति और सभी क्षेत्रों में परिचालन तत्परता के प्रति भारतीय सेना की प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जो मिशन की तैयारी और एकीकृत युद्ध क्षमता पर इसके अटूट ध्यान का प्रमाण है।

## ऑल बेंगाल प्रिंसिपल काउंसिल का 33वां राज्य सम्मेलन संपन्न, नई कार्यकारिणी का हुआ गठन




**कोलकाता :** ऑल बेंगाल प्रिंसिपल काउंसिल (अखिल बंगाल प्राचार्य परिषद) का 33वां राज्य स्तरीय सम्मेलन आज कोलकाता स्थित सुरेन्द्रनाथ कॉलेज में संपन्न हुआ। सम्मेलन में राज्य के विभिन्न जिलों से प्राचार्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जबकि दूरदराज़ के क्षेत्रों से जुड़े प्रतिनिधियों ने ऑनलाइन माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सम्मेलन का उद्घाटन निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. पूर्ण चंद्र माइति ने किया। उन्होंने सभी प्राचार्यों को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में व्याप्त संस्थागत भ्रष्टाचार के प्रति सतर्क रहने की अपील की। साथ ही उन्होंने सहायक प्राध्यापकों एवं प्राचार्यों की नियुक्तियों में कथित भ्रष्टाचार से संबंधित मामलों पर चिंता जताई, जो वर्तमान में कलकत्ता उच्च न्यायालय में लंबित हैं। उन्होंने नई कार्यकारिणी से आग्रह किया कि वे भविष्य में ऐसे मामलों को रोकने के लिए सजगता से कार्य करें। डॉ. माइति ने राज्य की मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षा क्षेत्र की चुनौतियों को मानवता और एकजुटता के साथ सुलझाने के प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कॉलेजों से अपील की कि वे छात्रवृत्ति केंद्रित नए कोर्स शुरू करने हेतु सरकारी स्वीकृति प्राप्त करने की दिशा में सक्रिय पहल करें, ताकि छात्र हित में मौजूदा संकट को कम किया जा सके। सम्मेलन के अंत में सर्वसम्मति से नई राज्य समिति का गठन किया गया, जिसमें सर गुरुदास कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. मणि शंकर राय, नरसिम्हा दत्ता कॉलेज, हावड़ा के महासचिव डॉ. सोमा बंद्योपाध्याय, कोलकाता गर्ल्स कॉलेज के कोषाध्यक्ष डॉ. सत्य उपाध्याय और लाल बाबा कॉलेज, बेलूर, हावड़ा के कार्यालय सचिव डॉ. संजय कुमार को चुना गया।

## शिक्षकों पर तृणमूल गुंडावाहिनी के हमले के विरोध में एवं आम हड़ताल के समर्थन में सीआईटीयू की पथसभा



**हावड़ा :** विकास भवन के सामने नौकरी से निकाले गए शिक्षकों द्वारा शांतिपूर्ण आंदोलन पर तृणमूल समर्थित गुंडावाहिनी और पुलिस द्वारा किए गए हमले और लाठीचार्ज के खिलाफ तथा महँगाई, बेरोजगारी, श्रम कोड रद्द करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर 9 जुलाई को प्रस्तावित आम हड़ताल के समर्थन में आज सीआईटीयू हावड़ा जिला कमेटी की ओर से हावड़ा स्टेशन परिसर में एक पथसभा का आयोजन किया गया। इस पथसभा को सीआईटीयू हावड़ा जिला सचिव समीर साहा, पश्चिम बंग बस्ती उन्नयन समिति के सह-सचिव शैलेंद्र कुमार राय, गोपाल घोष, शंकर दास आदि नेताओं ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि राज्य सरकार लोकतांत्रिक आंदोलनों को कुचलने की कोशिश कर रही है, जिसे श्रमिक और शिक्षक समुदाय कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। सभा की अध्यक्षता प्रणव चटर्जी ने की। नेताओं ने आम जनता से 9 जुलाई की आम हड़ताल को सफल बनाने की अपील की और कहा कि जब तक जनता के मूलभूत अधिकारों को छीना जाएगा, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

## चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट ने ट्रैफिक कर्मियों को वितरित की समर प्रोटेक्शन किट



**हुगली :** भीषण गर्मी में जब अधिकांश लोग दोपहर के समय घर से निकलने से बचते हैं, उस समय ट्रैफिक पुलिसकर्मी तेज धूप और गर्म हवाओं के बीच सड़क पर डटे रहकर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखते हैं। इसी समर्पण को सलाम करते हुए, चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से ट्रैफिक पुलिस के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के पियारापुर मोड़, रॉयल होटल के पास स्थित सारथी बैंक्वेट हॉल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के आयुक्त अमित पी. जावलगी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके साथ डीसीपी (श्रीरामपुर जोन) अर्णव विश्वास, थाना प्रभारी सुखमय चक्रवर्ती, श्रीरामपुर ट्रैफिक इंचार्ज राजेश मंडल, उत्तरपाड़ा और डानकुनी ट्रैफिक विभाग के अधिकारी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद थे। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त जावलगी ने ट्रैफिक विभाग के कर्मियों को समर प्रोटेक्शन किट प्रदान की। इन किटों में छाते, धूप के चश्मे, ग्लूकोन-डी, मास्क, फेस टॉवल, ओ.आर.एस., पानी की बोतलें और बैग शामिल थे, ताकि भीषण गर्मी में ड्यूटी करते समय पुलिसकर्मी अपनी सेहत और सुरक्षा का ध्यान रख सकें। इस पहल से ट्रैफिक पुलिस कर्मियों में उत्साह देखने को मिला। उन्होंने चंदननगर पुलिस प्रशासन के प्रति आभार जताया। यह कार्यक्रम पाँचों ट्रैफिक गार्ड्स से जुड़े कर्मियों के लिए आयोजित किया गया था। अपने संबोधन में पुलिस आयुक्त अमित पी. जावलगी ने ट्रैफिक कर्मियों की कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भावना की सराहना की तथा उन्हें स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया।

## हावड़ा मंडल की शताब्दी पर ऐतिहासिक समारोह, राजधानी एक्सप्रेस बना मुख्य आकर्षण



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेलवे के पूर्व रेलवे जोन के अंतर्गत आने वाले ऐतिहासिक हावड़ा मंडल ने 15 मई को अपने 100वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। यह समारोह हावड़ा स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 9 पर आयोजित हुआ, जिसमें हावड़ा-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस को विशेष रूप से सजाए गए डबल्यूएपी-7 विद्युत इंजन द्वारा चलाया गया। यह इंजन हावड़ा मंडल की गौरवशाली यात्रा के प्रतीक के रूप में सजाया गया था। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए हावड़ा मंडल के डीआरएम और वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर इलेक्ट्रिक लोको शेड, हावड़ा में स्थित लोकोमोटिव संख्या 37357 को विशेष आकर्षण के रूप में प्रस्तुत किया गया। यह इंजन 6,350 हॉर्सपावर की शक्ति और 140 किमी/घंटा की गति क्षमता के साथ न केवल तकनीकी दक्षता का प्रतीक है, बल्कि हावड़ा मंडल की प्रतिबद्धता और विकासशील सोच को भी दर्शाता है। इंजन पर की गई सजावट में मंडल के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक क्षणों को चित्रित किया गया था। इनमें रवींद्रनाथ ठाकुर की यात्रा, हावड़ा स्टेशन की भव्य इमारत, जुबली ब्रिज, ऐतिहासिक स्टेशन घड़ी, कटवा सेक्शन के सिग्नल, और भारत की पहली राजधानी एक्सप्रेस के शुभारंभ के दृश्य शामिल थे।ये चित्र सिर्फ सजावट नहीं थे, बल्कि वे 1925 से शुरू हुई हावड़ा मंडल की राष्ट्रनिर्माण की यात्रा की कहानी को जीवंत कर रहे थे। यह आयोजन एक सदी की उपलब्धियों का जीवंत दस्तावेज बन गया।



भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ सह संयोजक पश्चिम बंगाल कमल सिंह, योगेश मिश्रा, नरेश अग्रवाल, आदित्य जोशी ने तिरंगा रैली में लिया हिस्सा

## बिमल बैंगानी फीयो के पूर्वी भारत के क्षेत्रीय चेयरमैन मनोनीत



**कोलकाता :** बेंगानी कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक बिमल बेंगानी भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फीयो) के पूर्वी भारत के क्षेत्रीय चेयरमैन के रूप में मनोनीत किए गए हैं। एक अनुभवी निर्यातक और सम्मानित उद्योगपति के रूप में बिमल बैंगानी एक प्रतिष्ठित नाम है।

एक दूरदर्शी उद्यमी और बेंगानी समूह के संस्थापक, बिमल बैंगानी अंतरराष्ट्रीय व्यापार और कमोडिटी निर्यात में चार दशकों से अधिक का अनुभव रखते हैं। उनके नेतृत्व में समूह एक व्यापारिक घराने से बढ़कर एक विविध व्यवसाय समूह में बदल गया है, जिसमें कृषि, वैश्विक व्यापार, आटा पिसाई, स्टार्च और रसायन शामिल है।उनकी प्रमुख कंपनी बेंगानी कमोडिटीज को थ्री स्टार एक्सपोर्ट हाउस के रूप में मान्यता प्राप्त है।

बेंगानी ने 1984 में अपनी निर्यात यात्रा शुरू की, विशेष रूप से भारत के मक्का निर्यात में अग्रणी भूमिका निभाई। कृषि विकास के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता ने बिहार में मक्का की खेती को बढ़ावा देने, पूर्वी भारत में ग्रामीण समृद्धि और आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण में योगदान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

फीयो के साथ उनका जुड़ाव लंबे समय से है। उन्हें 2010 और 2019 में फीयो प्रबंध समिति (अखिल भारतीय) के लिए चुना गया था, और उन्होंने कमोडिटी एक्सपोर्ट्स कमेटी के संयोजक के रूप में कार्य किया, जहाँ उनकी अंतर्दृष्टि ने कृषि-निर्यात संवर्धन के लिए नीतिगत संवादों को आकार देने में मदद की। कलकत्ता विश्वविद्यालय से वाणिज्य स्नातक, बैंगानी रणनीतिक दृष्टि, जमीनी स्तर के दृष्टिकोण और भारत के निर्यात विकास के लिए अटूट प्रतिबद्धता के लिए व्यापक रूप से सम्मानित नाम है। उनकी नियुक्ति फीयो के पूर्वी क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है, जो उनके विशाल उद्योग अनुभव, नेतृत्व कौशल और क्षेत्रीय व्यापार गतिशीलता की गहरी समझ से काफी लाभान्वित होगा।

## बीएसएफ जवान की रिहाई का भाजपा नहीं ले सकती श्रेय : अरिंदम गुइन



**हुगली :** बीएसएफ जवान पूर्णम की पाकिस्तान से सकुशल वापसी को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा किए जा रहे श्रेय के दावे पर तृणमूल कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। चांपदानी के विधायक एवं तृणमूल जिला सांगठनिक सभापति अरिंदम गुइन ने साफ शब्दों में कहा कि जवान की रिहाई का सारा श्रेय देश के वीर जवानों को जाता है, जिन्होंने अपने अदम्य साहस और पराक्रम से ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया।

अरिंदम ने कहा, सेना के शौर्य और बलिदान से ही पूर्णम की वापसी संभव हो सकी। भाजपा इस पर राजनीति कर रही है, जबकि असली वीर तो वह सैनिक हैं जो पाकिस्तान की सरजमीं पर घुसकर आतंक का सफाया कर आए। अगर भाजपा श्रेय लेना चाहती है, तो उसे पहले पहलगाम में हुए आतंकी हमले की भी जिम्मेदारी लेनी चाहिए, जिसमें 26 निर्दोष पर्यटक मारे गए।

उन्होंने बताया कि जवान 23 तारीख को पाकिस्तान सीमा में गए थे, उसके बाद से तृणमूल कांग्रेस उनके परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रही। सांसद कल्याण बनर्जी, रिसड़ा नगरपालिका के चेयरमैन विजय सागर मिश्रा और स्थानीय विधायक परिवार की हरसंभव मदद कर रहे थे। सांसद कल्याण बनर्जी बीएसएफ के डीजी से बात की पूर्णम की पत्नी से बात कराई। यह कोई राजनीतिक उद्देश्य नहीं था। बल्कि वह परिवार के साथ विपदा की घड़ी में खड़े थे। सीएम ममता बनर्जी भी पूर्णम की वतन वापसी को लेकर बेहद चिंतित थी। उन्होंने पूर्णम की पत्नी से कई बार बात की आश्वासन दिलाया की वह पाकिस्तान में सही सलामत है। उन्हें जल्द रिहा किया जायेगा। पूर्णम की रिहाई के दिन भी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पूर्णम की पत्नी रजनी साव से फोन पर बात की। विजय सागर मिश्रा ने जवान के परिवार को पठानकोट भेजने और वापस लाने में आर्थिक सहायता की।

अरिंदम गुइन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को श्रेय देने वाले भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, युद्ध के मैदान में प्रधानमंत्री नहीं, सैनिक जाते हैं। इसलिए श्रेय उन्हें दिया जाना चाहिए जो अपनी जान की परवाह किए बिना देश की रक्षा कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि चाहे धरती का तापमान 40 डिग्री हो या माइनस 40, हमारे जवान हर परिस्थिति में देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ने वालों को करारा जवाब है। हमें अपने देश, अपनी सेना और ऐसे साहसी अफसरों- जैसे कर्नल सोफिया कुरैशी-पर गर्व है।

विधायक ने यह भी कहा कि यह मामला राजनीति का नहीं, बल्कि देश के गौरव और सुरक्षा का है। ऐसे में इसे राजनीतिक लाभ के लिए भुनाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

### अरिंदम गुइन पर फिर ममता बनर्जी का भरोसा, दोबारा बने हुगली जिला सांगठनिक अध्यक्ष

**हुगली :** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ममता बनर्जी ने एक बार फिर हुगली जिले के संगठन को मजबूत करने के लिए अरिंदम गुइन पर भरोसा जताया है। पार्टी नेतृत्व ने उन्हें दोबारा हुगली जिला सांगठनिक अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह दूसरी बार है जब गुइन को यह अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। गुइन की पुनर्नियुक्ति की खबर मिलते ही पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। पार्टी कार्यालय में उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया। कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके नेतृत्व में संगठन को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद जताई है। गौरतलब है कि अरिंदम गुइन लंबे समय से पार्टी से जुड़े हुए हैं और संगठनात्मक कार्यों में उनकी सक्रिय भूमिका रही है। उन्होंने जिले में पार्टी की पकड़ मजबूत करने में महत्वपूर्ण यो-गदान दिया है। ममता बनर्जी का यह फैसला आने वाले दिनों में हुगली में पार्टी को नई ऊर्जा देने वाला माना जा रहा है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, गुइन को यह जिम्मेदारी एक बार फिर सौंपकर ममता बनर्जी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह जमीनी स्तर पर मजबूत और विश्वसनीय नेतृत्व को तरजीह देती हैं।

## बीएसएफ की सतर्कता से नाकाम हुई तस्करी, लाखों की चांदी और मादक पदार्थ जब्त

❑ **जवानों ने भारत से बांग्लादेश में तस्करी के प्रयासों को किया विफल**



**कोलकाता :** बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर अंतर्गत 32वीं वाहिनी के सतर्क जवानों ने नदिया जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करी के प्रयासों को विफल करते हुए 17.660 किलोग्राम चांदी की बाल और 266 बोतल प्रतिबंधित फेंसेडिल कफ सिरप व 12 किलो गांजा जब्त किया। बीएसएफ ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि तस्कर इन सामानों को सीमा पार कराकर भारत से बांग्लादेश में तस्करी करने की फिराक में थे। जब्त चांदी की अनुमानित कीमत लगभग 17.13 लाख रुपये है। अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को 32वीं वाहिनी की सीमा चौकी हलदरपारा के जवानों को गुप्त सूचना मिली की उसके इलाके से तस्करी की जा सकती है। सूचना मिलते ही जवानों ने तारबंदी के आगे घात लगाया। शाम के वक्त जवानों ने कुछ तस्करों की संदिग्ध गतिविधि देखी जो केले के बागान और बांस की झाड़ियों के बीच से निकलकर कुछ पैकेटों को सीमापार फैकने की फिराक में थे। जवानों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तस्करों को घेरने का प्रयास किया और उनको रुकने की चेतावनी दी। लेकिन तस्कर ऊंची झाड़ियों का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गए। तलाशी के दौरान मौके से 15 पैकेटों में 17.660 किलोग्राम चांदी की बाल व छह किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। दूसरी घटना में, 32वीं वाहिनी की ही सीमा चौकी आमबागान के जवानों ने छह किलो गांजा और 216 फेंसेडिल की बोतलें जब्त की। जब्त सामानों को आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को सौंप दिया गया है।

दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के डीआ-इजी व प्रवक्ता एनके पांडे ने बताया कि भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करी के प्रयासों को रोकने और नशे के खिलाफ अभियान में बीएसएफ के जवान प्रतिदिन तस्करों के मंसूबों पर पानी फेर रहे हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### सरकार लड़कियों को डिजिटल व वित्तीय रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाएगी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार ने लड़कियों को डिजिटल और वित्तीय रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उन्हें वित्तीय साक्षरता और डिजिटल कुशलता का प्रशिक्षण देने की घोषणा की है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान के मुताबिक, बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हमारी सरकार बेटियों को न केवल शिक्षा दे रही है, बल्कि उन्हें डिजिटल और वित्तीय रूप से सक्षम बनाकर आत्मनिर्भर भी बना रही है। बयान में बताया गया कि प्रदेश के 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) की 80 हजार छात्राओं को अब वित्तीय साक्षरता और डिजिटल कुशलता का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### बिहार सरकार ने गया शहर का नाम बदलकर 'गयाजी' किया

**पटना :** बिहार सरकार ने शुक्रवार को गया शहर का नाम बदलकर 'गयाजी' करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। अतिरिक्त मुख्य सचिव (कैबिनेट सचिवालय) एस. सिद्धार्थ ने बताया कि यह निर्णय शहर के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के कारण लिया गया है। उन्होंने कहा कि कैबिनेट ने बिहार राज्य जीविका कोष ऋण सहकारी समिति लिमिटेड के गठन को भी मंजूरी दे दी है, जिससे 'जीविका बैंक' की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा, जहां से 'जीविका दीदियां' ऋण ले सकेंगी। कैबिनेट ने कैंसर की रोकथाम और उपचार के लिए बिहार कैंसर केयर एंड रिसर्च सोसाइटी की स्थापना के स्वास्थ्य विभाग के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी की जयंती पांच जनवरी पर हर साल राजकीय समारोह आयोजित करने का भी निर्णय लिया है।

### उप्र: जल जीवन मिशन में लापरवाही बरतने के आरोप में 183 अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में बीते चार वर्षों के दौरान जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं की गुणवत्ता और समयबद्धता में लापरवाही बरतने वाले 183 अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक, जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यों की नियमित निगरानी और मूल्यांकन के आधार पर दोषी पाए गए अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई की जा रही है। बयान में बताया गया कि 122 अधिकारियों के खिलाफ जांच शुरू की गई है और 55 को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है, जबकि छह कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है।

### तीन सगे भाइयों को कारावास की सजा

**बलिया (उप्र) :** बलिया की एक अदालत ने आपराधिक गिरोह बनाकर समाज में दहशत फैलाने के तकरीबन 14 वर्ष पुराने मामले में तीन सगे भाइयों को दोषी करार देते हुए सात-सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी है। अभियोजन पक्ष के अनुसार जिले के नरही थाने के तत्कालीन प्रभारी की तहरीर पर कोठिया गांव के तीन सगे भाइयों--विनय उर्फ झाबर, भूलन राय और अरुण राय के विरुद्ध तीन सितंबर 2011 को उत्तर प्रदेश गिरोहबंद समाज विरोधी अधिनियम की सुसंगत धारा में मुकदमा दर्ज किया गया था। तीनों पर अपराधिक गिरोह बनाकर समाज में दहशत फैलाने का आरोप था। पुलिस ने जांच के बाद तीनों आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया था। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने शुक्रवार को बताया कि विशेष न्यायाधीश राम कृपाल ने बृहस्पतिवार को सभी पक्षों की दलील सुनने के बाद तीनों भाइयों को दोषी करार देते हुए सात-सात वर्ष के कारावास की सजा सुनायी तथा उनपर पांच- पांच हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।

# नीतीश कुमार ने पटना में 'सिर्फ महिलाओं' के लिए 20 बसें शुरू कीं

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को यहां महिलाओं की सुरक्षित और आरामदायक यात्रा के लिए राज्य परिवहन निगम की 20 गुलाबी बसें हरी झंडी दिखाकर रवाना कीं। उन्होंने राज्य में सार्वजनिक परिवहन की गुणवत्ता में सुधार के लिए बिहार राज्य सड़क परिवहन निगम लिमिटेड (बीएसआरटीसीएल) की 166 डीलक्स बसों की भी शुरुआत की। यहां मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी और राज्य सरकार के कई अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी बयान में कहा गया है, 'मुख्यमंत्री ने बसों को हरी झंडी दिखाने से पहले उनका निरीक्षण किया और उनमें प्रदान की गयी सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। महिला सशक्तीकरण की दिशा में राज्य सरकार द्वारा उठाया गया यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसके तहत अब 20 गुलाबी बसों का संचालन शुरू हो गया है। इससे महिलाओं की यात्रा सुरक्षित और आरामदायक हो जाएगी। इसके अलावा, राज्य के विभिन्न जिलों में 166 डीलक्स बसें चलेंगी।' राज्य का 2024-25 का बजट पेश किये जाने के दौरान, सरकार ने चार शहरों - पटना, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया और भागलपुर में विशेष रूप से महिलाओं के लिए गुलाबी बसें शुरू करने की योजना की घोषणा की थी। राज्य परिवहन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, 'सभी 20 गुलाबी बसें सीएनजी (संपीड़ित प्राकृतिक गैस) से चलने वाली हैं। ये केवल पटना में चलेंगी। दूसरे चरण में हम अन्य जिलों में गुलाबी बसों की सेवा शुरू करेंगे। इन बसों में महिला संचालक होंगी और ये रोजाना सुबह सात बजे से रात आठ बजे तक चलेंगी।'



### उत्तर प्रदेश: शाही ईदगाह के मामले की सुनवाई अब दीवानी न्यायाधीश की अदालत में होगी

**मथुरा :** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले की एक अदालत ने शुक्रवार को शाही ईदगाह इंतजामिया कमेटी के खिलाफ मुकदमे की सुनवाई दीवानी न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन-द्वितीय द्वारा किये जाने का निर्देश दिया। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति एवं निर्माण न्यास द्वारा दायर मुकदमे में कथित रूप से फर्जी एवं कूटरचित तथ्यों के आधार पर वक्फ बोर्ड में पंजीकरण कराने और अवैध बिजली कनेक्शन पाने का आरोप लगाया था। जिला शासकीय अधिवक्ता (अपराध) शिवराम सिंह तरकर ने शुक्रवार को बताया कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति एवं निर्माण न्यास के अध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय ने गत वर्ष शाही ईदगाह इंतजामिया कमेटी के खिलाफ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष एक याचिका दाखिल की थी, जो खारिज कर दी गई थी। सिंह ने बताया कि उन्होंने पिछले दिनों जिला न्यायाधीश के समक्ष अपील दायर कर उक्त याचिका का स्थानांतरण किसी अन्य न्यायालय में करने का अनुरोध किया था।

## न्यूज अपडेट

### बिहार सरकार 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान मारे गए सुरक्षाकर्मियों के परिजनों को देगी 50 लाख रुपये

**पटना :** बिहार सरकार ने शुक्रवार को घोषणा की कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान शहीद हुए सेना और सीएपीएफ के जवानों के परिजनों को 50-50 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। अतिरिक्त मुख्य सचिव (कैबिनेट सचिवालय) एस. सिद्धार्थ ने कहा, सरकार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले राज्य के सेना और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के प्रत्येक सैनिक के निकटतम परिवार के सदस्यों को 50 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, मंत्रिमंडल ने इस संबंध में राज्य गृह विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मौजूदा प्रावधान के अनुसार, सरकार विभिन्न अभियानों में जान गंवाने वाले सेना और सीएपीएफ के जवानों के परिजनों को 21 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देती है। भाषा प्रशांत माधव

### काला हिरण मामले में सलमान व अन्य से जुड़ी अपील राजस्थान उच्च न्यायालय में 28 जुलाई को सूचीबद्ध

**जोधपुर :** राजस्थान उच्च न्यायालय ने 1998 के काले हिरण शिकार मामले में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में शुक्रवार को निर्देश दिया कि सलमान खान सहित बॉलीवुड अभिनेताओं से जुड़ी अपीलों को 28 जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए। इसमें अभिनेता सैफ अली खान, सोनाली बेंद्रे, नीलम और तब्बू को बरी किये जाने के खिलाफ राज्य की अपील तथा सलमान खान की दोषसिद्धि के खिलाफ अपील शामिल है। यह मामला सितंबर 1998 में फिल्म 'हम साथ साथ हैं' की शूटिंग के दौरान जोधपुर के निकट कांकाणी गांव में दो काले हिरणों के कथित शिकार से जुड़ा था। सलमान खान को पांच अप्रैल, 2018 को अधीनस्थ अदालत ने दोषी ठहराया था और पांच साल जेल की सजा सुनाई थी, जबकि उनके सह-आरोपी - अन्य अभिनेताओं और एक स्थानीय निवासी दुष्यंत सिंह को बरी कर दिया गया था। फैसले के बाद सलमान खान ने सत्र न्यायालय में अपनी सजा को चुनौती दी। साथ ही, राज्य सरकार ने सह-आरोपियों को बरी किए जाने के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील दायर की। उच्च न्यायालय ने याचिका स्वीकार कर ली और नोटिस जारी किए। बाद में सलमान खान ने एक स्थानांतरण याचिका दायर की, जिसमें उन्होंने अनुरोध किया कि उनकी अपील को सत्र न्यायालय से उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया जाए, क्योंकि दोनों मामले एक ही मुकदमे और निर्णय का हिस्सा थे। उच्च न्यायालय ने इस अनुरोध को स्वीकार कर लिया और तदनुसार उनके मामले को स्थानांतरित कर दिया। शिकायतकर्ताओं का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता महिपाल बिश्नोई ने कहा कि दोनों मामले उच्च न्यायालय में होने के बावजूद वर्षों तक कोई प्रगति नहीं हुई। उन्होंने कहा, हमने आज अदालत में दोनों अपीलों को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया। न्यायमूर्ति मनोज कुमार गर्ग ने प्रार्थना स्वीकार करते हुए दोनों अपीलों को एक साथ जोड़ने तथा 28 जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का आदेश दिया।

### उत्तर प्रदेश: पांच जिलों में स्थापित की जाएंगी नई अत्याधुनिक 'माइक्रोबायलॉजी लैब'

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार वाराणसी, कानपुर, मिर्जापुर, बरेली और अलीगढ़ जिलों में नई 'माइक्रोबायलॉजी लैब' की स्थापना करेगी। एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गयी। बयान के मुताबिक, लखनऊ और मेरठ के बाद अब वाराणसी, कानपुर, मिर्जापुर, बरेली और अलीगढ़ जैसे प्रमुख जिलों में भी 'माइक्रोबायलॉजी लैब' स्थापित की जा रही हैं। बयान में बताया गया कि यह प्रयोगशालाएं न केवल खाद्य और औषधि पदार्थों की गुणवत्ता की वैज्ञानिक जांच के लिए उपयोगी होंगी बल्कि इससे जनस्वास्थ्य से जुड़े मामलों में भी त्वरित और सटीक कार्रवाई संभव हो सकेगी। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की विशेष सचिव रेखा सिंह चौहान ने बताया कि वाराणसी में निर्मित 'माइक्रोबायलॉजी लैब' का कार्य पूरा हो चुका है और 31 मई से संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह पूर्वांचल के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी, क्योंकि अब इस क्षेत्र के नागरिकों को बैक्टीरिया, वायरस, फंगस और सूक्ष्म पैथोजन से जुड़ी जांच के लिए दूसरे शहरों या राज्यों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

## प्रयागराज में संदिग्ध परिस्थितियों में चार वर्षीय बालक की मौत

**प्रयागराज (उप्र) :** जिले के यमुना नगर में महेवा के पास एक स्कूल में शुक्रवार को दो अध्यापिकाओं द्वारा कथित तौर पर पिटाई से चार वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) (यमुना नगर) विवेक चंद्र यादव ने बताया कि महेवा स्थित एक स्कूल के प्रशासन ने चार वर्षीय बालक के परिजनों को सूचना दी कि बालक बेहोश हो गया है, जिसके बाद परिजनों और स्कूल के कर्मचारियों ने बच्चे को अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने बताया कि बालक को दूसरे अस्पताल रेफर किया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों की सहमति से बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए एसआरएन भेजा गया। बच्चे के पिता वीरेंद्र कुमार जायसवाल ने पत्रकारों को बताया, 'मैं अपनी किराने की दुकान पर था। तभी स्कूल से मैडम का फोन आया कि आपका बेटा बेहोश हो गया है। मैं दुकान से स्कूल के लिए भागा। जब मैंने मैडम के साथ बच्चे को मोटरसाइकिल पर बैठाया तो बच्चे की सांस ही नहीं चल रही थी।' उन्होंने बताया, 'फिर भी मैं उसे लेकर हेज अस्पताल गया जहां चिकित्सकों ने उसे बाल अस्पताल ले जाने को कहा और बाल अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने मेरे बेटे को मृत घोषित कर दिया।' जायसवाल ने बताया, 'उसी स्कूल में पढ़ने वाले मेरे बड़े बेटे ने बताया कि एक मैडम ने बच्चे को बुलाया और दूसरी मैडम ने उसे मारा जिससे उसकी चीभ और सिर में चोट लगी। इसके बाद मैडम ने बच्चे के ऊपर पानी का छींटा मारा।' डीसीपी (यमुना नगर) यादव ने बताया कि परिजनों ने पुलिस को दी शिकायत में स्कूल की दो अध्यापिकाओं पर बच्चे को पीटने का आरोप लगाया है। इस पर नैनी थाने में सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि परिजनों ने शिकायत में किसी तरह के यौन उत्पीड़न का आरोप नहीं लगाया है। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट से यौन उत्पीड़न की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इसलिए पुलिस सभी बिंदुओं पर इसकी जांच कर रही है।

## श्रमिक और उद्योगपति एक-दूसरे के पूरक हैं, न कि प्रतिस्पर्धी: आदित्यनाथ

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को श्रम एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि श्रमिक और उद्योगपति एक-दूसरे के पूरक हैं, न कि प्रतिस्पर्धी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की औद्योगिक प्रगति तभी संभव है जब श्रम कानूनों को उद्यम और श्रमिक समर्थक दोनों दृष्टियों से संतुलित बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रम कानूनों का सरलीकरण इस प्रकार किया जाए जिससे उद्योगों को सुविधा मिले, लेकिन यह भी सुनिश्चित हो कि श्रमिकों के शोषण या उनके साथ अमानवीय व्यवहार की कोई संभावना न रहे। इस संबंध में जारी एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने कहा, 'हर हाथ को काम' देने के लिए हमें उद्योगों को सशक्त करना होगा। उद्योग बंद कर किसी को रोजगार नहीं दिया जा सकता, बल्कि उद्योगों का विस्तार ही अधिकाधिक रोजगार सृजन का माध्यम है।' उन्होंने कहा, 'दुर्घटना की स्थिति में श्रमिकों और उनके परिवारों को सुरक्षा मिले, इसके लिए उन्हें सम्मानजनक मानदेय और बीमा सुरक्षा कवच देना अनिवार्य है।' आदित्यनाथ ने कहा कि श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करते हुए राज्य सरकार का प्रयास है कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा श्रमिक-हितैषी और उद्योग समर्थ राज्य बनकर उभरे। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कैंटीन में श्रमिकों को 5-10 रुपये में चाय, नाश्ता और भोजन मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि विदेश में रोजगार के लिए जाने वाले निर्माण श्रमिकों को न केवल तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाए, बल्कि गंतव्य देश की भाषा का भी प्रशिक्षण अनिवार्य किया जाए, जो उनकी कार्यक्षमता और सुरक्षा दोनों के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना की तर्ज पर निजी अस्पतालों को सीएसआईसी और ईएसआईएस से जोड़ा जाए क्योंकि इससे संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों के श्रमिकों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि आजादी के बाद से 2016 तक प्रदेश में 13,809 कारखाने पंजीकृत थे, जबकि पिछले नौ वर्षों में 13,644 नए कारखानों का पंजीकरण हुआ है, जो 99 प्रतिशत की वृद्धि है।



## उत्तर प्रदेश: भीषण गर्मी की चेतावनी, बांदा में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के पार

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में शुक्रवार को 46.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जो देश में सबसे अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। आईएमडी ने उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में लू की चेतावनी जारी की है। आईएमडी के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया, उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में शुक्रवार को 46.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जो पूरे देश में सबसे अधिक है। आईएमडी ने बताया कि राज्य के कई इलाकों में शुक्रवार को तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी के अनुसार, रविवार तक राज्य में भीषण गर्मी की स्थिति बनी रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को बांदा के अलावा पूर्वी उत्तर प्रदेश के एक दर्जन से अधिक जिलों में लोग गर्मी से जूझते दिखाई दिये। आईएमडी के अनुसार, अपराह्न ढाई बजे तक झांसी में दिन का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि इसके बाद फुरसतगंज (44 डिग्री सेल्सियस), वाराणसी (44 डिग्री सेल्सियस), सुल्तानपुर (43.8 डिग्री सेल्सियस), आगरा (42.8 डिग्री सेल्सियस) का स्थान रहा। आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार, शनिवार को बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, कन्नौज, कानपुर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर में लू चलने की आशंका है। राज्य सरकार ने संबंधित जिला प्रशासन को आवश्यक सावधानी बरतने और निवासियों को लू से बचाने के लिए उपाय लागू करने का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य विभाग को भी गर्मी से संबंधित बीमारियों के संभावित मामलों के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं।



### राजस्थान: ज्यादातर इलाकों में पारा 44 डिग्री सेल्सियस के पार, लोग गर्मी से बेहाल

जयपुर : राजस्थान के ज्यादातर इलाकों में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग के मुताबिक, गंगानगर में अधिकतम तापमान 45.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने राज्य में भीषण गर्मी का दौर जारी रहने का अनुमान जताया है। जयपुर स्थित मौसम केंद्र के अनुसार, चुरू में 45.6 डिग्री, बीकानेर में 45.2 डिग्री, जैसलमेर व फलोदी में 44.6 डिग्री, पिलानी में 44.5 डिग्री, बाड़मेर में 44.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी जयपुर में 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन से चार दिन जोधपुर, बीकानेर संभाग के सीमावर्ती क्षेत्रों में तेज धूल भरी हवाएं चलने का अनुमान है। इसी तरह बीकानेर, गंगानगर जिलों में 20 मई तक अधिकतम तापमान 45-46 डिग्री दर्ज होने व कहीं-कहीं लू चलने और शेष अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान 42-44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। विभाग ने राज्य के उत्तरी भागों में 19-20 मई को कुछ स्थानों पर दोपहर बाद हल्की बारिश होने का अनुमान जताया है।

## पंजाब में 'नशा मुक्ति यात्रा' निकाली जाएगी : अरविंद केजरीवाल

**चंडीगढ़ :** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि पंजाब को नशे की समस्या से मुक्त करने के लिए राज्य में 'नशा मुक्ति यात्रा' निकाली जाएगी। केजरीवाल ने इस 'नशा मुक्ति यात्रा' को जन क्रांति करार दिया। केजरीवाल ने पंजाब के शहीद भगत सिंह नगर जिले के लंगरोया गांव में चल रहे 'युद्ध नशियां विरुद्ध' अभियान के तहत आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई अब इस बुराई के खिलाफ जन आंदोलन में तब्दील हो गई है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, 'नशे के खिलाफ पूरा प्रदेश एकजुट है। नशा मुक्ति यात्रा आज एसबीएस नगर से शुरू हो रही है। अगले डेढ़ महीने में हम राज्य के सभी 13,000 गांवों में जाएंगे और लोगों से बात करेंगे। शहरों में हम हर वार्ड में जाएंगे।' आप नेता ने कहा कि पंजाब में नशे की समस्या के खिलाफ निर्णायक लड़ाई चल रही है और गांव-गांव को नशा मुक्त बनाया जा रहा है। केजरीवाल ने कहा, 'सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि वे न तो नशा करेंगे और न ही गांवों में इसकी बिक्री होने देंगे। पुलिस और प्रशासन नशे के खिलाफ इस आंदोलन में लोगों का साथ देने के लिए मौजूद है।' उन्होंने ग्रामीणों से यह भी आग्रह किया कि वे मादक पदार्थ के मामलों में गिरफ्तार लोगों की जमानत में मदद न करें। केजरीवाल ने दावा किया, 'आम आदमी पार्टी की सरकार मादक पदार्थों की समस्या पर लगाम लगाने के लिए कदम उठा रही है और इस साल अब तक की सबसे बड़ी बरामदगी तरन तारन जिले में हुई है, जहां 85 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई है। पिछले ढाई महीने में 10,000 से अधिक तस्कर गिरफ्तार किए गए, जिनमें 8,500 बड़े तस्कर शामिल हैं।' आप के राष्ट्रीय संयोजक ने कहा, 'चुनाव के समय हमने पंजाब को नशा मुक्त बनाने का वादा किया था और हम अपना काम कर रहे हैं। जरूरत पड़ी तो हम अपनी जान देने के लिए भी तैयार हैं।' केजरीवाल ने कहा कि नशे की लत के शिकार लोगों की मदद के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य भर के पुनर्वास केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है।



## बिहार में 2024 के आम चुनाव में कम मतदान पर चुनाव आयोग ने जताई चिंता

**पटना :** बिहार में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले, भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने शुक्रवार को 2024 के आम चुनाव में राज्य में हुए कम मतदान पर चिंता व्यक्त की और अधिकारियों से चुनावी प्रक्रिया में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए रणनीति बनाने को कहा। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) विनोद सिंह गुंजियाल ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में बिहार का मतदाता मतदान राष्ट्रीय औसत से लगभग 10 प्रतिशत कम था। आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए बिहार के चार दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे निर्वाचन आयुक्त विवेक जोशी ने शुक्रवार को यहां सीईओ, राज्य पुलिस नोडल अधिकारी कुंदन कृष्णन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में आगामी चुनाव की तैयारियों, आदर्श आचार संहिता के अनुपालन, मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण तथा अन्य संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। सीईओ ने एक बयान में कहा, 'निर्वाचन आयुक्त ने बिहार में कम मतदान पर चिंता व्यक्त की। मतदान का राष्ट्रीय औसत 66.10 प्रतिशत है, जबकि बिहार में पिछले लोकसभा चुनाव में केवल 56.28 फीसदी मतदान हुआ था, जो काफी कम है।' जोशी ने मतदान बढ़ाने के लिए एक व्यापक रणनीति तैयार करने की आवश्यकता पर बल दिया, जिसे सूक्ष्म स्तर पर लागू किया जाना चाहिए और ईसीआई द्वारा नियमित रूप से इसकी समीक्षा की जानी चाहिए। बयान में कहा गया है, 'उन्होंने (जोशी ने) कहा कि पिछले 10 साल में हुये आम चुनाव में बिहार में मतदान का प्रतिशत 56-57 फीसदी के बीच रहा है, जिस पर सुधार करने के उद्देश्य से काम करने की आवश्यकता है।' इसमें कहा गया है कि बिहार में कुल 7,69,046 दिव्यांग मतदाता हैं जबकि 5,91,347 बुजुर्ग मतदाता हैं जिनकी आयु 85 साल से अधिक है। उन्होंने निर्देश दिया कि इन मतदाताओं की अधिकतम समावेशी भागीदारी सुनिश्चित की जाए ताकि वे बिना किसी बाधा के मतदान कर सकें। बयान में कहा गया है, 'इससे न केवल चुनावी प्रक्रिया में समाज के सभी वर्गों की समावेशी भागीदारी सुनिश्चित होगी, बल्कि समग्र मतदान को बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।' जोशी ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि चुनाव संबंधी सभी गतिविधियां निष्पक्ष रूप से और निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरी की जायें।

## कानपुर के एक निजी चिकित्सालय में 'गलत' तरीके से बाल प्रत्यारोपण करने से दो लोगों की मौत

**कानपुर :** उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले में एक निजी चिकित्सालय में कथित तौर पर गलत तरीके से बाल प्रत्यारोपण करने की वजह से दो लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यहां एक निजी क्लिनिक में 'हेयर ट्रांसप्लांट' कराने के बाद दो इंजीनियरों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, ये दोनों लोग अपना इलाज कराने डॉ. अनुष्का तिवारी के क्लिनिक 'एम्पायर' गए थे। अपर पुलिस उपायुक्त विजेंद्र द्विवेदी ने बताया कि पुलिस टीमें डॉ. अनुष्का तिवारी और उनके क्लीनिक 'एम्पायर' की जांच कर रही हैं। यह घटना तब सामने आई जब विनीत दुबे की पत्नी जया त्रिपाठी ने क्लिनिक के खिलाफ मुख्यमंत्री के पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। द्विवेदी ने बताया कि महिला ने शिकायत में आरोप लगाया कि विनीत दुबे (40) का चेहरा बुरी तरह सूज गया था और डॉ. तिवारी के क्लिनिक में 'हेयर ट्रांसप्लांट' कराने के एक दिन बाद 14 मार्च को उनकी मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि माना जा रहा है कि प्रक्रिया के दौरान संक्रमण विकसित हुआ और इसका इलाज नहीं किया गया, जिससे उनकी हालत तेजी से बिगड़ी और बाद में उनकी मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर नौ मई को भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(1) के तहत लापरवाही से मौत के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई। उन्होंने बताया हालांकि, यह कोई एकमात्र घटना नहीं है। अधिकारी ने बताया कि दुबे का मामला चर्चा में आने के बाद कुशाग्र कटियार ने बृहस्पतिवार को पुलिस आयुक्त अखिल कुमार के समक्ष उसी क्लीनिक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।



## लखनऊ के आभूषण विक्रेताओं ने तुर्किये से आयातित आभूषणों के बहिष्कार का फैसला किया

**लखनऊ :** भारत के साथ हालिया सैन्य संघर्ष के दौरान पाकिस्तान को तुर्किये के सक्रिय समर्थन के मद्देनजर लखनऊ के आभूषण विक्रेताओं ने वहां (तुर्किये) से आयातित आभूषणों का बहिष्कार करने का फैसला किया है। लखनऊ के चौक सर्राफा एसोसिएशन के उपाध्यक्ष आदिश जैन ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, अक्षय तृतीया पर तुर्किये के आभूषणों की मांग सबसे ज्यादा थी। हालांकि, 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान को तुर्किये के सक्रिय समर्थन के मद्देनजर हमने वहां से आभूषणों का आयात रोकने का फैसला किया है। जैन ने बताया, तुर्किये से आयातित हार, अंगुठियां और कान के बूंदे काफी लोकप्रिय हैं। रोजाना बिकने वाले 20 हार में से औसतन पांच तुर्किये के होते हैं। लखनऊ महानगर सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष कुमार वर्मा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, हमने तुर्किये के आभूषणों की बिक्री बंद कर दी है। पहले हम तुर्किये से आभूषणों की ढलाई आयात करते थे। लेकिन, अब भारत के शिल्प कौशल में जबरदस्त सुधार के साथ हम खुद आभूषणों की आकर्षक डिजाइन तैयार कर रहे हैं। हमारे कारीगर ऐसे डिजाइन बना रहे हैं, जो तुर्किये के डिजाइन से कहीं बेहतर होने के साथ वजन में भी हल्के हैं। वर्मा ने बताया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद तुर्किये के आभूषणों के पूर्ण बहिष्कार का फैसला लिया गया है और सभी ऑर्डर रद्द कर दिए गए हैं। आभूषण विक्रेता अभिषेक दत्ता ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, हमने तुर्किये के आभूषणों को प्रदर्शित करना बंद कर दिया है। हमारा मानना है कि ग्राहकों को इन आभूषणों की डिजाइन नहीं दिखेगी, तो वे इनका ऑर्डर भी नहीं देंगे।



## न्यूज इन ब्रीफ

### उच्चतम न्यायालय के इतिहास में ग्यारहवीं महिला न्यायाधीश बेला त्रिवेदी सेवानिवृत्त हुईं

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय के 75 साल के इतिहास में इस न्यायालय में पदोन्नत होने वाली ग्यारहवीं महिला न्यायाधीश न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गयीं। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर उनका कार्यकाल साढ़े तीन साल का रहा। न्यायमूर्ति त्रिवेदी शीर्ष न्यायालय के कई ऐतिहासिक निर्णयों का हिस्सा रहीं। उन्हें जुलाई 1995 में गुजरात में एक निचली अदालत के न्यायाधीश के रूप में शुरुआत करने के बाद शीर्ष न्यायालय में पदोन्नत होने का गौरव प्राप्त हुआ। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर न्यायमूर्ति त्रिवेदी के परिचय में कहा गया है, ''यह सुखद संयोग है कि जब उनकी (न्यायमूर्ति त्रिवेदी) नियुक्ति हुई, तब उनके पिता पहले से ही शहर की सिविल एवं सत्र अदालत में न्यायाधीश के रूप में काम कर रहे थे। लिम्का बुक ऑफ इंडियन रिकॉर्ड्स ने 1996 के अपने संस्करण में यह प्रविष्टि दर्ज की है कि 'पिता-पुत्री एक ही अदालत में न्यायाधीश हैं'।''

### बीसीएएस सुरक्षा निर्देश के बाद सीआईएएल ने तुर्किये की कंपनी सेलेबी की सेवाएं बंद कीं

**कोच्चि :** कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (सीआईएएल) ने शुक्रवार को घोषणा की कि उसने तुर्किये की कंपनी सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की 'ग्राउंड हैंडलिंग' सेवाएं बंद कर दी हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा के संबंध में नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) के हालिया निर्देशों के अनुपालन में यह कदम उठाया गया है। सीआईएएल ने यहां एक बयान में कहा कि कंपनी की सेवा बृहस्पतिवार से औपचारिक रूप से बंद कर दी गई। इसमें कहा गया है कि इसके बावजूद, सीआईएएल में सभी परिचालन सामान्य हैं। सीआईएएल ने कहा, '' हमारी टीमों ने वैकल्पिक अधिकृत सेवा प्रदाताओं के साथ समन्वय करके सभी क्षेत्रों में निर्बाध सेवाएं सुनिश्चित की।'' सीआईएएल ने बयान में कहा कि वह हवाईअड्डे के परिचालन को सुचारू और कुशल बनाए रखने के लिए दीर्घकालिक व्यवस्था कर रहा है। हवाईअड्डा प्रबंधन ने कहा, ''राष्ट्रीय विनियामक आवश्यकताओं को पूरा करते हुए परिचालन निरंतरता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।''

### दिल्ली में पांच नाबालिगों समेत 13 बांग्लादेशी हिरासत में लिये गये

**नयी दिल्ली :** दिल्ली में बिना वैध दस्तावेजों के रहने के आरोप में पांच नाबालिगों समेत 13 संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि हिरासत में लिये गये मोहम्मद रफीकुल (50), खोतेजा बेगम (41), मोहम्मद अनवर हुसैन (37), मोहम्मद अमीनुल इस्लाम (28), जोरिना बेगम (27), अफरोजा खातून (25), मोहम्मद खाखोन (20), हसना (19) और पांच नाबालिग बांग्लादेश के खुदीग्राम के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि एक अभियान के दौरान बाहरी दिल्ली के औचंदी गांव में इन सभी को हिरासत में लिया गया।

### मुंबई में चार करोड़ रुपये मूल्य की मेफेड्रोन जब्त, दो लोग गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने पश्चिमी उपनगरों में चार करोड़ रुपये मूल्य की मेफेड्रोन (एक प्रकार का मादक पदार्थ) जब्त करने के बाद दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि अपराध शाखा की कुर्ला इकाई के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को जोगेश्वरी बस डिपो के पास दो किलोग्राम प्रतिबंधित पदार्थ जब्त किया और आरोपियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के बाद आरोपी अब्दुल करीम नजीर शेख (44) और यासीन अली शेख (29) को इलाके में मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प, सशस्त्र बलों की अचूक मारक क्षमता का प्रतिबिंब : शाह



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ संकल्प, विभिन्न एजेंसियों द्वारा सटीक खुफिया जानकारी जुटाने और भारतीय सशस्त्र बलों की अचूक मारक क्षमता का प्रतिबिंब है। शाह ने विभिन्न एजेंसियों के बीच खुफिया जानकारी साझा करने के उद्देश्य से दिल्ली में एक नये केंद्र का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। खुफिया ब्यूरो के तहत इस बहु एजेंसी केंद्र की स्थापना की गई, जिसका उद्देश्य कानून प्रवर्तन में शामिल विभिन्न हितधारकों के बीच समय पर जानकारी साझा करना है। शाह ने कहा कि भारत को अपनी तीनों सेनाओं – भारतीय थल सेना, भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना – सीमा सुरक्षा बल और सभी सुरक्षा एजेंसियों पर गर्व है। छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर कर्रेगुट्टालु पहाड़ी क्षेत्र में हाल ही में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों द्वारा बड़े पैमाने पर चलाए गए नक्सल-रोधी अभियान का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि नक्सली ठिकानों पर चलाए गए अभियान ने विभिन्न सुरक्षा बलों के बीच उत्कृष्ट समन्वय को प्रदर्शित किया है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार का समन्वय 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भी देखने को मिला, जो दर्शाता है कि अभियान को अंजाम देने में खुफिया एजेंसियों और तीनों सशस्त्र बलों में बेहतर तालमेल है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में सात मई को तड़के पाकिस्तान और इसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए। भारत और पाकिस्तान ने 10 मई को सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति जताई। हालांकि, भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उसने केवल अपने अभियान को रोका है और उसकी भविष्य की कार्रवाई पाकिस्तान के आचरण पर निर्भर करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की नई नीति और न्याय के लिए देश की अटूट प्रतिज्ञा है।

# पीएसएलवी-सी61 प्रक्षेपण: इसरो प्रमुख नारायणन ने तिरुमाला मंदिर में की पूजा



**तिरुपति :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने शुक्रवार को यहां भगवान वेंकटेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की और ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी)-सी61/ईओएस-09 मिशन के सफल प्रक्षेपण के लिए आशीर्वाद मांगा। पीएसएलवी-सी61 का प्रक्षेपण 18 मई को प्रातः 5.59 बजे श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से किया जाएगा। शुक्रवार की सुबह अतिविशिष्ट श्रेणी के लोगों (वीआईपी) के लिए दर्शन के दौरान नारायणन ने अनुष्ठान में भाग लिया और भगवान वेंकटेश्वर के चरणों में पीएसएलवी-सी61 का एक लघु मॉडल रखा। इसरो प्रमुख ने मिशन की सफलता और सुरक्षा के लिए भगवान से आशीर्वाद मांगा। विद्वानों ने रंगनायकुला मंडपम में नारायणन को आशीर्वाद दिया, जबकि मंदिर के अधिकारियों ने तीर्थ प्रसादम (पवित्र जल) भेंट किया और उन्हें रेशमी शॉल देकर सम्मानित किया। नारायणन ने संवाददाताओं से कहा, पीएसएलवी-सी61 के साथ यह 101वां मिशन इसरो के लिए एक बड़ी उपलब्धि साबित होगा, जो भारत की सभी मौसमों में पृथ्वी प्रेक्षण क्षमताओं को प्रदर्शित करेगा और अंतरिक्ष आधारित समाधानों के प्रति देश की प्रतिबद्धता को मजबूत करेगा।'' यह मिशन पृथ्वी प्रेक्षण उपग्रह को सूर्य-समकालिक ध्रुवीय कक्षा (एसएसपीओ) में स्थापित करेगा, जो एक विशिष्ट प्रकार की ध्रुवीय कक्षा है जहां उपग्रह सूर्य के साथ निरंतर संरेखण बनाए रखता है। पीएसएलवी-सी61 ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान की 63वीं उड़ान है और पीएसएलवी-एक्सएल संस्करण का इस्तेमाल करते हुए 27वीं उड़ान है। इसरो की वेबसाइट के अनुसार, यह मिशन पेलोड और कक्षाओं की एक विस्तृत श्रृंखला में विश्वसनीय प्रदर्शन देने के पीएसएलवी के रिकॉर्ड को जारी रखता है। ईओएस-09 को विभिन्न क्षेत्रों में परिचालन अनुप्रयोगों की एक श्रृंखला के लिए सुसंगत और विश्वसनीय सुदूर संवेदी आंकड़ा प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है।

## मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय ने तुर्किये के संस्थान के साथ एमओयू रद्द किया

**हैदराबाद :** हैदराबाद में स्थित मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय ने भारत से तनाव के दौरान तुर्किये द्वारा पाकिस्तान का समर्थन करने के लिए उसके एक संस्थान यूनुस एमरे के साथ अकादमिक सहयोग समझौते को तत्काल रद्द करने की घोषणा की है। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार ने बृहस्पतिवार को जारी एक बयान में कहा कि भारत-पाकिस्तान तनाव के दौरान पाकिस्तान की आतंकवादी गतिविधियों के लिए तुर्किये के समर्थन के विरोध में यह निर्णय लिया गया है। केंद्रीय विश्वविद्यालय ने कहा कि उसने 2020 में तुर्किये के संस्थान के साथ पांच साल की अवधि के लिए एक सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत विश्वविद्यालय में भाषा, भाषा विज्ञान और इंडोलॉजी स्कूल में तुर्किये भाषा में डिप्लोमा शुरू किया गया। अधिकारी ने बताया कि पाठ्यक्रम के लिए नियुक्त एक विजिटिंग प्रोफेसर पहले ही अपने देश लौट चुके हैं। अधिकारियों ने हाल ही में कहा था कि भारत से बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान को तुर्किये के समर्थन के बाद जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) समेत कई शैक्षणिक संस्थानों ने तुर्किये के विश्वविद्यालयों के साथ अपने सहयोग को या तो निलंबित कर दिया है या इस तरह के कदम पर विचार कर रहे हैं।

## राजनाथ ने गुजरात भूकंप स्मारक संग्रहालय का दौरा किया; कहा, यह देश के लिए गौरव का स्रोत



**भुज :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को यहां स्मृतिवन भूकंप स्मारक संग्रहालय में वर्ष 2001 में गुजरात में आए भूकंप के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि यह कच्छ और गुजरात के लोगों की दृढ़ इच्छाशक्ति को दर्शाता है और देश के लिए गौरव का स्रोत है। भुज के पास भुजिया पहाड़ी की चोटी पर स्थित यह स्मारक ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण भुजियो डूंगर पर 170 एकड़ में फैला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 28 अगस्त, 2022 को इस परियोजना का उद्घाटन किया था। यह परियोजना गुजरात में वर्ष 2001 के विनाशकारी भूकंप के लगभग 13,000 पीड़ितों को श्रद्धांजलि है। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, सिंह समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए आज सुबह भुज वायु सेना स्टेशन पर पहुंचे और बाद में भूकंप स्मारक संग्रहालय का दौरा किया। संग्रहालय के अपने दौरे के दौरान सिंह ने वहां प्रदर्शित विभिन्न कलाकृतियों, चित्रों, कला और आभासी प्रस्तुति को देखा और ऐतिहासिक हड़प्पा बस्तियों के चार्ट और मॉडल तथा भूकंप से संबंधित वैज्ञानिक जानकारी से प्रभावित हुए। इस दौरान वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह, कच्छ के सांसद विनोद चावड़ा, स्थानीय विधायक और जिला प्रशासन के अधिकारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## जब देश कठिन दौर से गुजर रहा है तब आप काल्पनिक विचार लेकर आ रहे: रोहिंग्या निर्वासन पर न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को उन याचिकाकर्ताओं को कड़ी फटकार लगाई, जिन्होंने दावा किया था कि महिलाओं और बच्चों सहित 43 रोहिंग्या शरणार्थियों को म्यांमा निर्वासित करने के लिए अंडमान सागर में छोड़ दिया गया था। शीर्ष अदालत ने कहा, जब देश कठिन समय से गुजर रहा है, तो आप काल्पनिक विचारों के साथ सामने आ रहे हैं। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मोहम्मद इस्माइल और अन्य याचिकाकर्ताओं की ओर से उसके समक्ष पेश सामग्री की प्रमाणिकता पर भी सवाल उठाया तथा रोहिंग्या शरणार्थियों के निर्वासन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। पीठ ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कॉलिन गोंजाल्वेज से कहा, जब देश कठिन समय से गुजर रहा है, तो आप ऐसे काल्पनिक विचारों के साथ सामने आ रहे हैं। उसने कहा कि याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश सामग्री सोशल मीडिया से उठाई गई प्रतीत होती है और रोहिंग्या शरणार्थियों को समुद्र में छोड़कर यातना देने और निर्वासित करने के दावों को महज आरोप करार दिया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत ने पूछा, आरोपों को प्रमाणित करने वाली सामग्री कहां है? पीठ ने कहा कि निर्वासित रोहिंग्या शरणार्थियों और दिल्ली निवासी याचिकाकर्ता के बीच फोन पर हुई कथित बातचीत की रिकॉर्डिंग सत्यापित नहीं है। न्यायमूर्ति सूर्य कांत ने कहा, क्या किसी ने इस बात को सत्यापित किया है कि फोन कॉल म्यांमा से आए थे? हमने एक मामले की सुनवाई की थी, जिसमें झारखंड के जामताड़ा से अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा के फोन नंबर से कॉल किए गए थे।

## कर्नाटक: लक्षद्वीप जा रहा मालवाहक जहाज समुद्र में डूबा, चालक दल के छह सदस्य बचाये गये



**मंगलुरु :** कर्नाटक के मंगलुरु से लक्षद्वीप जा रहा मालवाहक जहाज 'एमएसवी सलामत' बुधवार तड़के यहां से लगभग 70 समुद्री मील दूर तेज लहरों में डूब गया हालांकि जहाज के चालक दल के सभी छह सदस्यों को भारतीय तटरक्षक बल ने सफलतापूर्वक बचा लिया। एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी। विज्ञप्ति के मुताबिक, बुधवार दोपहर 12 बजकर 15 मिनट पर तटरक्षक बल को एक गुजरते हुए जहाज 'एमटी एपिक सुसुई' से एक संकटकालीन अलर्ट मिला, जिसमें सूरतकल तट से लगभग 52 समुद्री मील दूर एक छोटी नाव में छह लोगों के फंसे होने की सूचना दी गई थी। विज्ञप्ति में बताया गया कि क्षेत्र में नियमित गश्त पर तैनात तटरक्षक जहाज विक्रम को राहत एवं बचाव कार्य के लिए तुरंत घटनास्थल की ओर भेज दिया गया। विज्ञप्ति के मुताबिक, तटरक्षक दल ने मौके पर पहुंच कर तेजी से कार्रवाई कर चालक दल के सभी छह लोगों को छोटी नाव से सुरक्षित निकाल लिया। विज्ञप्ति में बताया कि 'एमएसवी सलामत' 12 मई को मंगलुरु बंदरगाह से लक्षद्वीप के कदमत द्वीप के लिए रवाना हुआ था लेकिन 14 मई को सुबह साढ़े पांच बजे उसमें पानी भरना शुरू हो गया और अंततः वह डूब गया।

## कछुए ने 51 दिन में 1,000 किलोमीटर की यात्रा की



**केंद्रपाड़ा (ओडिशा) :** ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले के गहिरमाथा समुद्र तट पर एक उपग्रह से जुड़े 'ट्रैकिंग' उपकरण के साथ 'टैग' किया गया एक ओलिव रिडले कछुआ 51 दिन में समुद्र में लगभग 1,000 किलोमीटर की यात्रा करके आंध्र प्रदेश तट पर पहुंच गया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि कछुआ पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश के तट पर पहुंचने से पहले श्रीलंका, पुडुचेरी और तमिलनाडु के जलक्षेत्र से होकर गुजरा। अधिकारी ने बताया, कछुआ श्रीलंका, तमिलनाडु और पुडुचेरी के समुद्री क्षेत्र से होते हुए 51 दिन में आंध्र प्रदेश तट पर पहुंच गया। इसने करीब 1,000 किलोमीटर की दूरी तय की। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ) प्रेम शंकर झा ने बताया कि भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) के नवीनतम ट्रैकिंग उपग्रह ने आंध्र प्रदेश में समुद्री जल में घूम रहे टैग किए गए कछुओं में से एक का पता लगाया है, और पाया है कि वह लगभग 1,000 किलोमीटर तक का सफर कर चुका है।

## मुत्तकी ने भारतीय मिसाइलों के अफगानिस्तान पर हमला करने के पाकिस्तान के आरोपों को खारिज किया: सूत्र

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ फोन पर बातचीत में अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी ने अफगानिस्तान पर भारत द्वारा मिसाइल हमलों के पाकिस्तान के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जयशंकर और मुत्तकी के बीच बृहस्पतिवार को फोन पर हुई बातचीत, अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता पर नियंत्रण हासिल करने के बाद से नयी दिल्ली और काबुल के बीच संपर्क का उच्चतम स्तर था। सूत्रों ने बताया कि अगले सप्ताह जयशंकर की ईरान और चीन की निर्धारित यात्रा से ठीक पहले मुत्तकी का उनसे बातचीत करना काफी महत्व रखता है। दोनों पक्षों द्वारा व्यापार को बढ़ावा देने के मद्देनजर भारत ने अटारी सीमा के माध्यम से सूखे मेवे ले जाने वाले 160 अफगान ट्रकों के प्रवेश को मंजूरी दे दी, हालांकि पहलगाम हमले के बाद इस पारगमन बिंदु को बंद कर दिया गया है। सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तान ने पारगमन बिंदु के वाघा की ओर ट्रकों के लिए मंजूरी रोक दी है। उन्होंने बताया कि भारत-अफगानिस्तान द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं, जो वर्तमान में लगभग एक अरब अमेरिकी डॉलर है। फोन पर बातचीत के दौरान, जयशंकर ने मुत्तकी द्वारा ''झूठी और निराधार रिपोर्ट के माध्यम से भारत और अफगानिस्तान के बीच अविश्वास पैदा करने के हालिया प्रयासों को दृढ़ता से खारिज करने'' का स्वागत किया। यह पाकिस्तानी मीडिया के एक वर्ग की रिपोर्ट का स्पष्ट संदर्भ था, जिसमें दावा किया गया था कि भारत ने पहलगाम में ''झूठे ऑपरेशन'' को अंजाम देने के लिए तालिबान का सहारा लिया।

## न्यायालय ने गैंगस्टर मामले में उत्तर प्रदेश के विधायक अब्बास अंसारी की जमानत शर्तों में ढील दी

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश गैंगस्टर कानून के एक मामले में विधायक अब्बास अंसारी पर लगाई गई जमानत की शर्त में शुक्रवार को ढील देते हुए उन्हें अपने निर्वाचन क्षेत्र मऊ के दौरे के दौरान गाजीपुर में घर पर रहने की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की गोपनीय रिपोर्ट को रिकॉर्ड पर लेते हुए इस अदालत के सात मार्च के आदेश में संशोधन कर दिया। सात मार्च के आदेश में दिवंगत गैंगस्टर मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी पर जमानत के लिए कई शर्तें लगाई गई थीं। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने शीर्ष अदालत से कहा कि अब्बास अंसारी पिछले दो-तीन तारीखों से अपने खिलाफ मामलों में पेश नहीं हो रहे हैं। इस पर न्यायमूर्ति कांत ने कहा कि उन पर लगाई गई पाबंदियां इसका कारण हो सकती हैं। अंसारी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने खंडपीठ से कहा कि पिछले छह महीनों में विधायक न तो अपने लखनऊ के सरकारी आवास से बाहर निकले हैं और न ही अपने निर्वाचन क्षेत्र में गए है। सिब्बल ने अपने मुवक्किल की ओर से कहा, ''मेरा मऊ निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ से 350 किलोमीटर दूर है।

# स्वदेशी जागरण मंच का तुर्किये के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, बहिष्कार का आह्वान किया




**नयी दिल्ली :** स्वदेशी जागरण मंच (एसजेएम) ने शुक्रवार को पाकिस्तान को 'सैन्य समर्थन' देने वाले देश तुर्किये के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और भारतीय सैनिकों और राष्ट्रीय हित के प्रति एकजुटता दर्शाने के लिए तुर्किये के उत्पादों, वहां की यात्रा और उसके सांस्कृतिक आदान प्रदान का बहिष्कार करने का आह्वान किया। यह विरोध प्रदर्शन दिल्ली में तुर्किये के दूतावास के पास आयोजित किया गया था। इसमें स्वदेशी जागरण मंच (एसजेएम) के कार्यकर्ताओं ने तुर्किये के खिलाफ नारे लगाए और भारतीयों से 'तुर्किये की हर चीज का बहिष्कार करने' की अपील की। संगठन के राष्ट्रीय सह-संयोजक अश्विनी महाजन ने कहा, ''एसजेएम भारत के देशभक्त नागरिकों से हमारे सैनिकों और राष्ट्रीय हित के प्रति एकजुटता दर्शाने के लिए तुर्किये के उत्पादों, वहां की यात्रा और सांस्कृतिक आदान प्रदान का बहिष्कार करने का आग्रह करता है। आइए हम हमारे विरोधियों को सशक्त बनाने वाले देशों पर रणनीतिक निर्भरता के बजाय आत्मनिर्भरता चुनें।''

## एजीएमयूटी कैडर में फेरबदल के तहत दिल्ली सरकार के शीर्ष अधिकारियों का तबादला

**नयी दिल्ली :** गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को एजीएमयूटी कैडर में बड़ा फेरबदल करते हुए दो अतिरिक्त मुख्य सचिवों और एक मुख्य सचिव सहित दिल्ली सरकार के कई शीर्ष नौकरशाहों को अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्थानांतरित कर दिया है। दिल्ली सरकार के वित्त और राजस्व विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव के रूप में कार्यरत अरुणाचल प्रदेश गोवा मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश (एजीएमयूटी) कैडर के 1994 बैच के आईएएस अधिकारी आशीष चंद्र वर्मा को जम्मू कश्मीर स्थानांतरित कर दिया गया। पर्यावरण एवं वन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनिल कुमार सिंह को भी जम्मू कश्मीर भेजा गया है, जबकि सतर्कता विभाग के प्रधान सचिव सुधीर कुमार को मिजोरम भेजा गया है। सिंह 1995 बैच के अधिकारी हैं, जबकि कुमार 1999 बैच के अधिकारी हैं। विशेष सचिव गृह के एम उप्पू (2009 बैच) को पुडुचेरी और विशेष सचिव परिवहन (2008 बैच) को अंडमान एवं निकोबार स्थानांतरित किया गया है। इस बीच, 2005 बैच के अधिकारी विजय कुमार बिधूड़ी (जिन्होंने कश्मीर में संभागीय आयुक्त के रूप में कार्य किया था) को दिल्ली स्थानांतरित कर दिया गया, जबकि 2000 बैच की अधिकारी दिलराज कौर अंडमान एवं निकोबार से स्थानांतरण के बाद राष्ट्रीय राजधानी लौट आएंगी, जहां उन्होंने पहले विभिन्न पदों पर कार्य किया था।

# दक्षिण कश्मीर में पिछले तीन दिन में दो बड़े आतंकवाद विरोधी अभियानों में छह आतंकवादी ढेर




**अवंतीपुरा (जम्मू-कश्मीर) :** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षा बलों ने आतंकवाद विरोधी अभियानों में तेजी लाते हुए दक्षिण कश्मीर में पिछले तीन दिनों में छह आतंकवादियों को मार गिराया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक वी के बिरदी ने कहा, सुरक्षा एजेंसियों ने पिछले एक महीने में आतंकवादी गतिविधियों के मद्देनजर स्थिति के अनुसार अपनी रणनीति की समीक्षा की और हमारा ध्यान आतंकवाद विरोधी अभियानों पर केंद्रित रहा। अधिकारी दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में विक्टर फोर्स के मुख्यालय में विक्टर फोर्स के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) मेजर जनरल धनंजय जोशी और सीआरपीएफ के महानिरीक्षक मितेश जैन के साथ संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे, जिस दौरान उन्होंने यह बात कही। बिरदी ने कहा कि विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय और बढ़ी हुई सतर्कता के कारण दो सफल अभियान चलाए गए, जिनमें छह आतंकवादी मारे गए। उन्होंने आतंकवादियों के खात्मे को महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। आईजीपी ने कहा, ''यह सफल अभियान सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के बीच समन्वय एवं सहयोग के कारण संभव हो पाए। हम कश्मीर में किसी भी आतंकवादी गतिविधि को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और हम हमेशा ऐसे कृत्यों को रोकने के लिए तैयार हैं। मंगलवार और बृहस्पतिवार को क्रमशः शोपियां के केल्लर इलाके और पुलवामा के त्राल के नादर इलाके में मुठभेड़ हुई। दोनों अभियानों में तीन-तीन आतंकवादी मारे गए। विक्टर फोर्स के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) मेजर जोशी ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के तुरंत बाद सुरक्षा बलों ने कई क्षेत्रों को प्राथमिकता वाले क्षेत्र (फोकस एरिया) के रूप में चिन्हित किया। उन्होंने कहा, हमारे पास खुफिया जानकारी थी कि बर्फ पिघलने के बाद आतंकवादी ऊंचे इलाकों की ओर चले गए हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, हमारी टीम लगातार ऊंचे इलाकों, पर्वतीय क्षेत्रों और जंगलों में तैनात थीं।

### दिल्ली के व्यापारियों ने तुर्किये, अजरबैजान से कारोबारी रिश्ते न रखने की शपथ ली

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के व्यापारियों ने भारत की आतंकवाद-विरोधी कार्रवाई के दौरान पाकिस्तान के पक्ष में नजर आने वाले देशों तुर्किये और अजरबैजान के साथ सभी कारोबारी रिश्ते खत्म करने की शुक्रवार को शपथ ली। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत द्वारा चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' पर पाकिस्तान का 'समर्थन' करने के लिए कई आर्थिक संगठनों ने इन दोनों देशों का बहिष्कार करने का आह्वान किया है। व्यापारी संगठन चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) की तरफ से दिल्ली सचिवालय में आयोजित एक अभियान में कई बाजार संघों, व्यापारियों और कारखाना मालिकों ने भाग लिया। सीटीआई के अध्यक्ष बृजेश गोयल ने कहा कि व्यापारियों ने तुर्किये और अजरबैजान के साथ भविष्य में कोई व्यापार नहीं करने की सामूहिक रूप से शपथ ली।

## भारत अगले कुछ वर्षों में लड़ाकू विमान निर्माण में आत्मनिर्भर बन जायेगा: हरिनारायण

**ब्रह्मपुर (ओडिशा) :** भारत के हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस के पूर्व कार्यक्रम निदेशक एवं मुख्य डिजाइनर कोटा हरिनारायण ने कहा है कि देश अगले कुछ वर्षों में लड़ाकू विमान बनाने में आत्मनिर्भर हो जायेगा। पद्मश्री से सम्मानित हरिनारायण ने कहा कि देश में विमान निर्माण का पारिस्थितिकी तंत्र विकसित हो चुका है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी विमानों के उत्पादन की तकनीक में भी सुधार हुआ है और कुछ वर्षों के भीतर भारत अपनी वायु सेना (आईएएफ) की जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी श्रेणियों के लड़ाकू विमानों की एक श्रृंखला बनाएगा। हरिनारायण ने कहा, ''मुझे उम्मीद है कि अगले कुछ वर्षों में भारत रक्षा के लिए आवश्यक सभी लड़ाकू विमान बना लेगा और अपने मित्र देशों को इनका निर्यात भी शुरू कर देगा।'' उन्होंने कहा कि देश ने तेजस के लिए जो प्रौद्योगिकी विकसित की थी, उसे छोटे से लेकर मध्यम आकार के और मानवरहित विमानों में भी आगे बढ़ाया गया है। विमानन वैज्ञानिक हरिनारायण ने कहा, ''बहुत अधिक समय नहीं लगेगा, भारत रक्षा उत्पादों का निर्यातक बन जाएगा... देश अब इनमें से कुछ उत्पाद रूस और फ्रांस से खरीद रहा है।'' हरिनारायण (82) बृहस्पतिवार को एक निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होने आए थे। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना द्वारा तेजस के व्यापक उपयोग ने स्वदेश निर्मित विमान के महत्व को सिद्ध कर दिया है।

## स्टार्क, फरेरा आईपीएल से बाहर, जैक्स की मुंबई इंडियंस में वापसी, स्टोइनिस भी स्वदेश लौटने को तैयार



**नयी दिल्ली :** दिल्ली कैपिटल्स के मिचेल स्टार्क और डोनोवन फरेरा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बचे मैचों के लिए वापस नहीं लौटने का फैसला किया है जबकि इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स अंतिम दो लीग मैच के लिए मुंबई इंडियंस से जुड़ेंगे। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्टार्क और दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज फरेरा ने दिल्ली कैपिटल्स प्रबंधन को अपने फैसले से अवगत करा दिया है। स्टार्क दिल्ली कैपिटल्स के अभियान में अहम खिलाड़ी रहे हैं जिन्होंने 11 मैच में 26.14 के औसत से 14 विकेट झटके हैं जिससे वह टीम के विकेट लेने वाले मुख्य गेंदबाज रहे हैं। उनकी अनुपस्थिति दिल्ली कैपिटल्स की प्लेऑफ की उम्मीदों के लिए एक बड़ा झटका है। वहीं फरेरा इस सत्र में केवल एक बार ही खेल पाए हैं। उनके साथी ट्रिस्टन स्टब्स बचे हुए तीन लीग मैच के लिए दिल्ली की टीम में शामिल हो चुके हैं। अगर दिल्ली कैपिटल्स क्वालीफाई करती है तो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की टीम में शामिल स्टब्स प्लेऑफ के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। हालांकि दिल्ली कैपिटल्स के उप कप्तान फाफ डुप्लेसी की उपलब्धता पर अभी भी कोई स्पष्टता नहीं है। वहीं मार्कस स्टोइनिस और जोश इंगलिस पंजाब किंग्स में शामिल होने के लिए सहमत हो गए हैं लेकिन 18 मई को आईपीएल की बहाली के बाद पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज जैक्स ने शुक्रवार को 'इंस्टाग्राम' पर वापसी के लिए मुंबई की फ्लाइट टिकट की तस्वीर पोस्ट करके अपनी वापसी की पुष्टि की। लेकिन हमवतन जोस बटलर की तरह जैक्स मुंबई इंडियंस के अंतिम दो लीग मैच खेलने के बाद राष्ट्रीय टीम की प्रतिबद्धता के के लिए रवाना हो जाएंगे क्योंकि आईपीएल के प्लेऑफ वेस्टइंडीज के खिलाफ 29 मई से शुरु हो रही इंग्लैंड की सफेद गेंद की श्रृंखला से टकरा रहे हैं। मुंबई इंडियंस इस समय अंक तालिका में चौथे स्थान पर है और प्लेऑफ में जगह पक्की करने के लिए उसे अपने बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण आईपीएल को एक सप्ताह के निलंबित करने बाद 17 मई से फिर शुरू किया गया है जिससे अब आईपीएल फाइनल तीन जून को होगा।

## मैं रोहित को सिडनी टेस्ट से बाहर नहीं रहने देता : रवि शास्त्री

**नयी दिल्ली :** रवि शास्त्री ने कहा है कि अगर वह आस्ट्रेलिया के पिछले दौरे पर भारत के कोच होते तो वह कप्तान रोहित शर्मा को खराब फॉर्म के बावजूद सिडनी में आखिरी टेस्ट से बाहर नहीं रहने देते। रोहित निजी कारणों से बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट से बाहर रहे और आखिरी टेस्ट में भी खराब फॉर्म के कारण उन्होंने बाहर रहने का फैसला किया। वह पांच पारियों में 31 रन ही बना सके। भारत को टेस्ट श्रृंखला में 1-3 से पराजय झेलनी पड़ी। शास्त्री ने कहा कि उन्होंने इस सत्र में आईपीएल मैचों के दौरान रोहित से बात की और बताया कि अगर वह आस्ट्रेलिया में होते तो क्या करते। उन्होंने कहा, 'टॉस के समय रोहित से मेरी काफी मुलाकातें हुई है। टॉस के दौरान बात करने का ज्यादा समय नहीं मिलता। मैने हालांकि एक मैच में उसके कंधे पर हाथ रखा। शायद वह मुंबई मैच था। मैने उससे कहा कि अगर मैं कोच होता तो उसे आखिरी टेस्ट से कभी बाहर नहीं रहने देता।' उन्होंने आईसीसी रिव्यू के ताजा अंक में कहा, 'मैने उससे कहा कि वह आखिरी टेस्ट जरूर खेलता क्योंकि श्रृंखला पूरी नहीं हुई थी।' रोहित ने हाल ही में टेस्ट प्रारूप को अलविदा कह दिया जबकि टी20 क्रिकेट से वह पिछले साल ही संन्यास ले चुके हैं। भारत के पूर्व कोच ने कहा, 'मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो 2-1 स्कोर होने पर हार मान ले।

# अपने नाम का स्टैंड बनने के बाद वानखेड़े पर खेलना खास होगा : रोहित शर्मा



**मुंबई :** वानखेड़े स्टेडियम पर अपने नाम के स्टैंड के उद्घाटन के बाद भारत के सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा ने कहा कि भारत की जर्सी में अब इस मैदान पर एक दिवसीय क्रिकेट खेलने का अनुभव खास होगा। मुंबई क्रिकेट संघ ने वानखेड़े स्टेडियम पर रोहित, भारत के पूर्व कप्तान अजित वाडेकर और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष शरद पवार के नाम के स्टैंड का उद्घाटन किया। सात मई को टेस्ट क्रिकेट से विदा लेने वाले रोहित ने कहा, 'जो आज हो रहा है, वह मैने कभी सोचा भी नहीं था। आप कई उपलब्धियां हासिल करने की कोशिश करते हैं लेकिन यह कुछ खास है क्योंकि वानखेड़े स्टेडियम अलग है और यहां कई यादें बनी हैं।' उन्होंने कहा, 'यहां खेल के दिग्गजों और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ राजनेता के बीच मेरा नाम होना, मैं अपने जज्बात व्यक्त नहीं कर सकता। मैं बहुत आभारी हूं।' पिछले साल भारत को विश्व कप दिलाने के बाद टी20 क्रिकेट से विदा ले चुके रोहित ने कहा, 'मैं अभी भी खेल रहा हूं और दो प्रारूप से विदा ली है। जब 21 तारीख को (मुंबई इंडियंस के लिये आईपीएल) यहां खेलूंगा और मेरे नाम का स्टैंड होगा तो खास होगा। भारत के लिये यहां खेलना काफी खास होगा।' उन्होंने अपने पूरे कैरियर में उनके लिये कई बलिदान देने वाले परिजनों को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, 'मेरा परिवार, माता पिता, भाई और पत्नी यहां है। उन्होंने मेरे लिये जो भी कुर्बानियां दी है, मैं कृतज्ञ और आभारी हूं।' रोहित ने कहा, 'मेरी खास टीम मुंबई इंडियंस भी यहां है जो मेरा भाषण खत्म होने के बाद अभ्यास शुरू करने की तैयारी में है। पवार साहेब और देवेंद्र फड़नवीस (महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री) को भी धन्यवाद जिन्होंने इस दिन को खास बनाया।' फड़नवीस ने कहा कि एमसीए अगर नया स्टेडियम बनाने के लिये प्रस्ताव भेजता है तो सरकार जमीन आवंटित करेगी। उन्होंने कहा, 'हमारे दिग्गज बल्लेबाज, कप्तान और मेरे पसंदीदा में से एक और अपनी बल्लेबाजी से मन मोहने वाले यहां हैं।' उन्होंने कहा, 'अगर एमसीए नया स्टेडियम बनाने के लिये प्रस्ताव भेजता है तो हम जमीन आवंटित करेंगे ताकि और प्रशंसकों के लिये जगह बन सके।'

### भारत के संभावित टेस्ट कप्तान पर गावस्कर ने कहा, गिल की प्रतिस्पर्धात्मकता सबसे अलग है

**नयी दिल्ली :** पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) भविष्य के भारतीय कप्तानों की ट्रेनिंग के लिए बिलकुल सही मैदान है जो शुभमन गिल जैसे खिलाड़ियों को शीर्ष स्तर पर पहुंचने से पहले जरूरी अनुभव प्रदान कर रहा है। रोहित शर्मा के संन्यास के बाद गुजरात टाइटन्स के कप्तान गिल इंग्लैंड के टेस्ट दौरे पर भारत की कप्तानी कर सकते हैं और ऋषभ पंत उप कप्तान हो सकते हैं। रोहित के इस फैसले के कुछ ही दिन बाद विराट कोहली के संन्यास ने टेस्ट टीम में खालीपन पैदा कर दिया है। गावस्कर ने कहा कि गिल के अलावा अन्य संभावित कप्तान जैसे पंत तथा श्रेयस अय्यर को तैयार होने में कम से कम दो साल लगेंगे। 'स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम' में 'पीटीआई' के एक सवाल के जवाब में गावस्कर ने कहा, 'हमारे सुपर कप्तान (एमएस धोनी, रोहित, विराट) के स्तर तक पहुंचने के लिए भविष्य के कप्तानों को तैयार करने में दो साल लगेंगे।

## केकेआर और आरसीबी मैच से आईपीएल फिर से होगा शुरू, टेस्ट से संन्यास के बाद कोहली पर होगी नजरें



**बेंगलुरु :** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव और सैन्य टकराव के कारण स्थगित इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के बीच होने वाले मुकाबले के साथ फिर से शुरू होगा, जिसमें सभी की निगाहें हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले विराट कोहली पर होंगी। दस दिनों के अप्रत्याशित रूकावट के बाद आरसीबी और केकेआर दोनों अपने-अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए पूरा जोर लगायेंगे। आरसीबी 11 मैचों में 16 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है और यहां जीत टीम के लिए प्लेऑफ में जगह लगभग पक्की कर देगी। केकेआर 12 मैचों में 11 अंकों के साथ तालिका में छठे स्थान पर है और एक भी हार मौजूदा चैंपियन की नॉकआउट में जगह बनाने की उम्मीदों को खत्म कर देगी। लीग की रुकावट से पहले दोनों टीमें शानदार लय में थी। आरसीबी ने जहां अपने पिछले चारों मैचों में जीत दर्ज की है वहीं केकेआर की टीम लगातार दो जीत के साथ इस मैच में उतरेगी। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि ये टीमों अपनी लय को किस तरह से बनाये रखती है। कागजों पर दोनों टीमों की तुलना करें तो इसमें कोई शक नहीं की केकेआर पर आरसीबी का पलड़ा भारी होगा। चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ चोटिल हुए कप्तान रजत पाटीदार ने अभ्यास सत्र में बिना किसी परेशानी के बल्लेबाजी की। पाटीदार को उंगली में चोट लगी थी लेकिन नेट सत्र में उन्होंने धाराप्रवाह बल्लेबाजी की। मेजबान टीम के अधिकांश विदेशी खिलाड़ी भी भारत-पाक सैन्य टकराव के बाद स्वदेश लौट आए हैं। फिल साल्ट, लुंगी एनगिडी, टिम डेविड, लियाम लिविंगस्टोन और रोमारियो शेफर्ड जैसे खिलाड़ी टीम के लिए उपलब्ध हैं।

## इंग्लैंड दौरे से पहले जायसवाल को ए टीम में चुना गया, गिल दूसरे मैच में खेलेंगे



**नयी दिल्ली :** भारतीय टेस्ट टीम के नियमित खिलाड़ी यशस्वी जायसवाल, नीतीश कुमार रेड्डी और ध्रुव जुरेल को इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 30 मई से कैंटरबरी में शुरू होने वाली दो मैचों की श्रृंखला के लिए शुक्रवार को भारत ए टीम में शामिल किया गया। रोहित शर्मा के संन्यास के बाद शुभमन गिल का भारत का टेस्ट कप्तान बनना तय है। गिल और बी साई सुदर्शन छह जून से नॉर्थम्पटन में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ शुरू होने वाले दूसरे चार दिवसीय मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। भारत ए का दौरा इंग्लैंड में पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले होगा। ए टीम 13 से 16 जून तक बेकेनहैम में सीनियर टीम के साथ एक 'इंट्रा-स्क्वाड' मैच भी खेलेगी। पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में शुरू होगा। विदर्भ के बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे भी दौरे पर जाने वाली टीम का हिस्सा हैं जिन्होंने इस रणजी ट्रॉफी सत्र में रिकॉर्ड 69 विकेट लिए हैं। कुछ समय से राष्ट्रीय टीम से बाहर ईशान किशन टीम में दूसरे विकेटकीपर हैं। तेज गेंदबाज हर्षित राणा, ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट टीम का हिस्सा रहे आकाश दीप और बल्लेबाज सरफराज खान को भी इंग्लैंड के 'शैडो टूर' के लिए चुना गया है। अभिमन्यु ईश्वरन टीम की कप्तानी करेंगे। इस ए श्रृंखला में रन बनाने से सीनियर टीम के नियमित खिलाड़ियों का टेस्ट से पहले मनोबल बढ़ेगा जबकि अन्य स्टार खिलाड़ियों को निकट भविष्य में राष्ट्रीय टीम में जगह मिल सकती है। भारत ए टीम: अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, करुण नायर, ध्रुव जुरेल (उपकप्तान) (विकेटकीपर), नीतिश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, ईशान किशन (विकेटकीपर), मानव सुथार, तनुष कोटियान, मुकेश कुमार, आकाशदीप, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, खलील अहमद, रुतुराज गायकवाड़, सरफराज खान, तुषार देशपांडे, हर्ष दुबे। नोट : शुभमन गिल और साई सुदर्शन दूसरे मैच से पहले टीम में शामिल होंगे।

## केकेआर मैच से पहले पाटीदार और हेजलवुड की फिटनेस पर कड़ी नजर रखी जा रही : बोबाट



**बेंगलुरू :** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के निदेशक मो बोबाट ने कहा कि कप्तान रजत पाटीदार उंगली की चोट से तेजी से उबर रहे हैं और उसकी सूजन भी काफी कम हो गई है। पाटीदार ने बृहस्पतिवार और शुक्रवार को सुरक्षा के लिए पट्टी पहने बिना ही नेट पर बल्लेबाजी की था जिससे शनिवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ होने वाले मैच के लिए उनकी उपलब्धता की उम्मीद बढ़ गई है। बोबाट ने कहा, 'रजत की उंगली ठीक है। उसके हाथ में चोट लगी थी लेकिन वह धीरे धीरे ठीक हो रहा है। उसके लिए भारत और पाकिस्तान सीमा पर तनाव के कारण आईपीएल के रूकने से हुए बाधा ने उसे जल्दी ठीक होने के लिए ज्यादा दिन दे दिए जिससे वह जल्दी ठीक हो रहा है, उसकी सूजन कम हो रही है और वह फिर से बल्ला पकड़ रहा है।' मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोबाट न कहा, 'उसने पिछले कुछ दिनों से अभ्यास किया है और वह अच्छी तरह उबर रहा है।'



### न्यूज ब्रीफ

#### रिजर्व बैंक ने डॉयचे बैंक एजी, यस बैंक पर जुर्माना लगाया

**मुंबई :** रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि उसने कुछ नियामक मानदंडों का पालन न करने के लिए डॉयचे बैंक एजी, इंडिया और यस बैंक पर जुर्माना लगाया है। रिजर्व बैंक ने कहा कि डॉयचे बैंक एजी, इंडिया पर बैंकों में बड़े कर्ज को लेकर केंद्रीय रिपॉजिटरी बनाने से जुड़े कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। एक अन्य बयान में, आरबीआई ने कहा कि 'वित्तीय विवरण प्रस्तुति और खुलासा' पर रिजर्व बैंक के कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए यस बैंक पर 29.60 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

#### रक्षा क्षेत्र की कंपनियों के शेयर में उछाल जारी; पारस डिफेंस में 18.90 प्रतिशत की तेजी

**नयी दिल्ली :** ड्रोन विनिर्माताओं, मिसाइल और संबद्ध उपकरणों के विनिर्माताओं समेत रक्षा क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों के शेयर में शुक्रवार को तेजी जारी रही। बीएसई पर पारस डिफेंस एंड स्पेस टेक्नोलॉजीज का शेयर 18.90 प्रतिशत, डाटा पैटर्न्स का 9.25 प्रतिशत, एस्ट्रा माइक्रोवेव प्रोडक्ट्स का 7.10 प्रतिशत, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स का 5.40 प्रतिशत, मिश्र धातु निगम का 4.63 प्रतिशत, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स का 3.87 प्रतिशत तथा भारत डायनेमिक्स का 1.95 प्रतिशत चढ़ा। ड्रोन विनिर्माता कंपनी ड्रोनाचार्य एरियल इनोवेशन के शेयर में दो प्रतिशत की तेजी आई। घरेलू शेयर बाजारों में बीएसई सेंसेक्स 200.15 अंक की गिरावट के साथ 82,330.59 अंक पर जबकि एनएसई निफ्टी 42.30 अंक फिसलकर 25,019.80 अंक पर बंद हुआ। बृहस्पतिवार, बुधवार, मंगलवार, सोमवार और पिछले शुक्रवार को भी रक्षा क्षेत्र की कंपनियों शेयर में तेजी रही थी।

## द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर भारत, अमेरिका के बीच 17 मई से मंत्रिस्तरीय वार्ता, गोयल करेंगे अगुवाई



**नयी दिल्ली :** भारत और अमेरिका प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर जारी वार्ता की प्रगति का आकलन करने, मुख्य वार्ताकारों को राजनीतिक मार्गदर्शन देने और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए 17 मई से वाशिंगटन में मंत्रिस्तरीय बैठकें शुरू करेंगे। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल अपने चार-दिवसीय दौरे पर पहले अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक और बाद में अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जेमिसन ग्रीर के साथ प्रस्तावित समझौते पर विचार-विमर्श करेंगे। अधिकारी ने कहा, बीटीए पर वार्ता को राजनीतिक दिशा देने के लिए मंत्री राजनीतिक स्तर की चर्चा करेंगे। वे पिछले दो महीनों में वार्ता में हुई प्रगति का आकलन भी करेंगे। यह गोयल की प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर अमेरिका की दूसरी यात्रा होगी। मंत्रिस्तरीय बैठक के बाद 19 मई से 22 मई तक दोनों देशों के मुख्य वार्ताकारों के बीच विचार-विमर्श होगा। ये बैठकें ऐसे समय में हो रही हैं जब दोनों देश इस साल सितंबर-अक्टूबर तक व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने से पहले 'शीघ्र आपसी लाभ' हासिल करने के लिए वस्तुओं में अंतरिम व्यापार व्यवस्था की संभावना तलाश रहे हैं। वार्ता के दौरान मुख्य रूप से बाजार पहुंच, उत्पादों के उद्गम नियम और गैर-शुल्क बाधाओं पर चर्चा होने की संभावना है। इस्पात और एल्युमीनियम पर अमेरिकी शुल्क के जवाब में कुछ अमेरिकी उत्पादों पर डब्ल्यूटीओ मानदंडों के तहत जवाबी शुल्क लगाने के भारत के प्रस्ताव पर भी इस दौरान चर्चा होगी। दोनों देशों के अधिकारी वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए 90-दिवसीय शुल्क विराम अवधि का लाभ उठाना चाहते हैं। अमेरिका ने भारत पर लगाए अतिरिक्त 26 प्रतिशत शुल्क को नौ जुलाई तक के लिए निलंबित किया हुआ है। बढ़ते व्यापार घाटे को पाटने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो अप्रैल को उच्च सीमा शुल्क की घोषणा की थी। लेकिन बाद में उसे निलंबित कर दिया।

## मुनाफावसूली से शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 200 अंक फिसला



**मुंबई :** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों और भारती एयरटेल में मुनाफावसूली होने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। मानक सूचकांक सेंसेक्स में 200 अंक और निफ्टी में 42 अंक की सुस्ती रही। विश्लेषकों ने कहा कि पिछले सत्र में बाजार के सात महीनों के उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद निवेशकों ने मुनाफावसूली को तरजीह दी। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 200.15 अंक यानी 0.24 प्रतिशत गिरकर 82,330.59 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 383.79 अंक गिरकर 82,146.95 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 42.30 अंक यानी 0.17 प्रतिशत गिरकर 25,019.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल भारती एयरटेल के शेयर में 2.81 प्रतिशत की गिरावट आई। सिंगटेल के दूरसंचार कंपनी में अपनी प्रत्यक्ष हिस्सेदारी का लगभग 1.2 प्रतिशत हिस्सा करीब 1.5 अरब डॉलर में बेचने के बाद कंपनी का शेयर नीचे आया। इसके अलावा एचसीएल टेक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फिनसर्व, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाइटन भी गिरावट के साथ बंद हुईं। दूसरी तरफ, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), हिंदुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट्स, आईटीसी, टाटा मोटर्स और एनटीपीसी के शेयरों में तेजी रही। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि बाजार पूरे कारोबारी सत्र में नकारात्मक दायरे में रहा और आईटी, बैंक एवं धातु शेयरों में चुनिंदा मुनाफावसूली के कारण कमजोर होकर बंद हुआ। तापसे ने कहा, हालांकि, मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों के साथ अधिकांश क्षेत्र-आधारित शेयरों के सकारात्मक दायरे में बंद होने से पता चलता है कि निवेशक वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद इक्विटी पर सतर्क रूप से आशावादी हैं। छोटी कंपनियों से जुड़ा स्मालकैप सूचकांक 1.18 प्रतिशत चढ़ गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक में 0.85 प्रतिशत की बढ़त रही।

## सोना 1,400 रुपये बढ़कर 96,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी 1,000 रुपये उछली

**नयी दिल्ली :** आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की ताजा लिवाली के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,400 रुपये बढ़कर 96,450 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। इसी के साथ 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,400 रुपये बढ़कर 96,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना क्रमश: 95,050 रुपये और 94,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। शुक्रवार को चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये बढ़कर 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 97,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना 50.85 डॉलर यानी 1.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,189.25 डॉलर प्रति औंस रहा था।

## बीएचईएल का शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में तीन प्रतिशत बढ़कर 504.45 करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में तीन प्रतिशत बढ़कर 504.45 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 489.62 करोड़ रुपये रहा था। बीएचईएल ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी कुल आय बढ़कर मार्च तिमाही में 9,142.64 करोड़ रुपये रही, जो 2023-24 में 8,416.84 करोड़ रुपये थी। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान बीएचईएल का एकीकृत शुद्ध लाभ बढ़कर 533.90 करोड़ रुपये हो गया, जो 2023-24 में 282.22 करोड़ रुपये था। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी की कुल आय बढ़कर 28,804.79 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले 24,439.05 करोड़ रुपये थी। बीएचईएल के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कंपनी की चुकता शेयर पूंजी पर 25 प्रतिशत (50 पैसे प्रति शेयर) की दर से अंतिम लाभांश की सिफारिश की है।

## हवाई अड्डों से समझौते खत्म करने को चुनौती देने के कानूनी तरीके अपनाएंगे: सेलेबी



**नयी दिल्ली :** तुर्किये की कंपनी सेलेबी हावा सर्विसी एएस ने शुक्रवार को कहा कि भारत में उसकी सुरक्षा मंजूरी रद्द किए जाने के बाद विभिन्न लाइसेंस और रियायती करारों को एकतरफा ढंग से खत्म करने को चुनौती देने के लिए सभी उपलब्ध प्रशासनिक और कानूनी उपायों का इस्तेमाल किया जाएगा। नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय सुरक्षा हितों का हवाला देते हुए हवाई अड्डे पर जमीनी रखरखाव एवं मालवहन सेवाएं देने वाली कंपनी सेलेबी की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी थी। हाल ही में तुर्किये द्वारा पाकिस्तान का समर्थन करने और पड़ोसी देश में आतंकी शिविरों पर भारत के हवाई हमलों की निंदा करने के कुछ दिनों बाद सेलेबी के खिलाफ यह कदम उठाया गया है। देश भर में तुर्किये को लेकर लोगों में असंतोष और नाराजगी देखी जा रही है। सेलेबी दिल्ली, मुंबई और अहमदाबाद सहित नौ हवाई अड्डों पर अपनी सेवाएं दे रही थी। करीब 15 वर्षों से भारतीय विमानन क्षेत्र में सक्रिय सेलेबी 10,000 से अधिक लोगों को रोजगार दे रही है। इस क्रम में बीसीएएस के फैसले के बाद सेलेबी हावा सर्विसी एएस की विभिन्न संस्थाओं के संचालन को निलंबित कर दिया गया है। इनमें सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (सीएएसआई), सेलेबी जीएच इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (सीजीएचआई), सेलेबी एनएएस एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, सेलेबी दिल्ली कार्गो टर्मिनल मैनेजमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और सेलेबी जीएस चेन्नई प्राइवेट लिमिटेड (सीजीएससी) शामिल हैं। तुर्किये के शेयर बाजार को दी गई एक सूचना में सेलेबी ने कहा कि इसकी अनुषंगी कंपनियों और संबंधित भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरणों के बीच निष्पादित चार रियायत एवं लाइसेंस समझौतों को एकतरफा ढंग से खत्म कर दिया गया है।

### अब तक 2.86 करोड़ टन गेहूं की सरकारी खरीद, पिछले साल से अधिक

**नयी दिल्ली :** गेहूं की सरकारी खरीद मौजूदा विपणन सत्र 2025-26 में अब तक 2.86 करोड़ टन हो चुकी है जो पिछले साल के स्तर से अधिक है। सरकार की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, गेहूं की अब तक हुई सरकारी खरीद 2022-23 विपणन सत्र के बाद सबसे अधिक है। इस साल रिकॉर्ड 11.53 करोड़ टन गेहूं के उत्पादन की उम्मीद है। विपणन सत्र 2024-25 में कुल गेहूं खरीद 2.66 करोड़ टन रही थी। अब तक गेहूं की सरकारी खरीद 2025-26 सत्र के लिए निर्धारित 3.12 करोड़ टन के लक्ष्य से पीछे है।

## संयुक्त राष्ट्र ने 2025 के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को घटाकर किया 6.3 प्रतिशत

**संयुक्त राष्ट्र :** संयुक्त राष्ट्र ने 2025 के लिए भारत के आर्थिक वृद्धि अनुमान को घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र ने बृहस्पतिवार को '2025 के मध्य तक विश्व आर्थिक स्थिति एवं संभावनाएं' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की। इसमें उसने कहा कि भारत, अनुमानित नरमी के बावजूद लचीले उपभोग तथा सरकारी व्यय के सहारे सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग (डीईएसए) के आर्थिक विश्लेषण एवं नीति प्रभाग की वैश्विक आर्थिक निगरानी शाखा के आर्थिक मामलों के वरिष्ठ अधिकारी इंगो पिटर्ले ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'भारत मजबूत निजी खपत तथा सार्वजनिक निवेश के बल पर सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है, भले ही 2025 में वृद्धि अनुमानों को घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया गया है।' रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था एक अनिश्चित मोड़ पर है.... बढ़ते व्यापार तनाव एवं उच्च नीति अनिश्चितता के कारण यह स्थिति बनी है।

## कैट ने पाकिस्तान को 'समर्थन' देने पर तुर्किये, अजरबैजान के बहिष्कार का किया आह्वान

**नयी दिल्ली :** अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) ने तुर्किये और अजरबैजान के साथ सभी व्यापारिक और वाणिज्यिक संबंधों का बहिष्कार करने का शुक्रवार को फैसला किया। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत द्वारा चलाए 'ऑपरेशन सिंदूर' पर पाकिस्तान का 'समर्थन' करने के लिए भारत के कई संगठनों ने इन दोनों देशों का बहिष्कार करने का आह्वान किया है। पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 भारतीयों की जान गई थी। कैट के अनुसार, इस निर्णय में तुर्किये और अजरबैजान की वस्तुओं का राष्ट्रव्यापी बहिष्कार शामिल है। इसमें समूचे भारत के व्यापारी इन देशों से आयात रोक देंगे। संगठन ने कहा कि भारतीय निर्यातकों, आयातकों एवं व्यापार प्रतिनिधिमंडलों को तुर्किये और अजरबैजान में स्थित कंपनियों या संस्थानों के साथ किसी भी तरह के जुड़ाव के लिए हतोत्साहित किया जाएगा।

वर्ष 10, पूर्णांक 4238 अंक 048, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in